RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 160 • 01:10:2024 • मंगलवार • मूल्य : 5/-

# वक्फ बोर्ड के खिलाफ एकजुट 600 ईसाई परिवार

## संसदीय समिति से लगाई संपत्ति बचाने की गुहार

एजेंसी। नई दिल्ली

केरल के एर्नाकुलम जिले में 600 से ज्यादा ईसाई परिवारों ने वक्फ बोर्ड के खिलाफ संसदीय समिति से शिकायत की है। इन परिवारों का आरोप है कि उनकी जमीन को वक्फ बोर्ड अपनी संपत्ति बता रहा है। इन परिवारों को अपनी जमीन पर से बेदखल किए जाने का खतरा सता रहा है। सिरो-मालाबार चर्च और केरल कैथोलिक बिशप काउंसिल जैसे प्रमुख ईसाई संगठनों ने वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 के संबंध में गठित संयुक्त संसदीय समिति से इसकी शिकायत कर मामले का हल करने का अनुरोध किया है। दरअसल, कोच्चि के मछली पकड़ने वाले गांव चेराई में लगभग 610 परिवार इस भय में जी रहे हैं कि उन्हें इस बात का भय सता रहा है कि वक्फ बोर्ड उन्हें उनकी संपत्तियों से बेदखल कर सकता है क्योंकि बोर्ड उनकी संपत्तियों को अपनी संपत्ति बता रहा है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सिरो-मालाबार चर्च और केसीबीसी द्वारा लिखे गए पत्रों को एक्स पर साझा करते हुए आश्वासन दिया है



कि उनकी शिकायतों का समाधान किया जाएगा। रिजिजू ने 28 सितंबर को लिखा, "वक्फ भूमि का मुद्दा विभिन्न समुदायों के लोगों को प्रभावित कर रहा है। मुझे यह देखकर दुख होता है कि प्रतिष्ठित ईसाई नेताओं को इस तरह से अपनी पीड़ा व्यक्त करनी पड़ रही है। मैं उन्हें आश्वासन देता हूं कि उनकी शिकायतों का समाधान किया जाएगा।" उन्होंने संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) पर भी भरोसा जताया है। संयुक्त संसदीय समिति को दिए गए अपने ज्ञापन में दोनों चर्च संगठनों ने केरल के एर्नाकुलम जिले के चेराई और मुनंबम इलाकों में ईसाई परिवारों की संपत्तियों पर वक्फ बोर्ड द्वारा "अवैध" तरीके से दावा किए जाने के बारे में चिंता जताई है। सिरो-मालाबार पब्लिक अफेयर्स कमीशन के अध्यक्ष आर्कबिशप एंड्रयूज थजाथ ने जेपीसी को 10 सितंबर को लिखे एक पत्र में कहा कि एर्नाकुलम जिले में कई संपत्तियां जो इस क्षेत्र में पीढ़ियों से ईसाई परिवारों की हैं, उन पर वक्फ बोर्ड द्वारा अवैध रूप से दावा किया गया है, जिसके कारण कानूनी लड़ाई और सही मालिकों को विस्थापित होना पड़ा है। आर्कबिशप ने लिखा कि करीब 600 से ज्यादा परिवार इस पीड़ा और भय से रोज गुजर रहे हैं। उन्होंने ने जेपीसी से इन क्षेत्रों और देश भर के कई अन्य हिस्सों में लोगों की दुर्दशा पर विचार करने का आग्रह किया, जो वक्फ बोर्ड द्वारा किए गए गैरकानूनी दावों के मद्देनजर अपने घर खोने के खतरे में हैं। इसी तरह के एक अन्य अनुरोध में, केरल कैथोलिक बिशप काउंसिल (केसीबीसी) के अध्यक्ष कार्डिनल बेसिलियोस क्लेमिस ने भी मुनंबम बीच, एर्नाकुलम में 600 से अधिक परिवारों की संपत्तियों पर वक्फ बोर्ड के अवैध दावों के बारे में चिंता जताई है।

## पीएम ने मिथुन चक्रवर्ती को दी 'दादा साहेब फाल्के' पुरस्कार दिए जाने पर शुभकामनाएं



**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिल्म अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को आज दादा साहेब फाल्के पुरस्कार दिए जाने पर शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "खुशी है कि मिथुन चक्रवर्ती को भारतीय सिनेमा में उनके बेजोड़ योगदान को मान्यता देते हुए प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है । वह एक सांस्कृतिक प्रतीक हैं, जो अपने बहुमुखी प्रदर्शन के लिए पीढ़ियों से प्रशंसित हैं।उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं। गृह मंत्री अमित शाह ने मिथुन चक्रवर्ती को बधाई देते हुए कहा कि उनके कई दशकों के शानदार करियर ने न केवल हमारी फिल्मों को समृद्ध किया है बल्कि अभिनय में उत्कृष्टता के मानक भी स्थापित किए हैं। उल्लेखनीय है कि सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनि वैष्णव ने आज पुरस्कार के लिए उनके चयन किए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा , 'यह घोषणा करते हुए सम्मानित महसूस हो रहा है कि दादा साहब फाल्के चयन जूरी ने महान अभिनेता को पुरस्कार देने का निर्णय लिया है।

# नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन से स्थिति बदतर, जल, विद्युत संयंत्र क्षतिग्रस्त

एजेंसी। काठमांडू

## इस आपदा से करीब 4.35 बिलियन का नुकसान



नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में करीब 170 लोगों की मौत हो गई है। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने कई जिलों में आई आपदा की जानकारी देते हुए बताया कि 111 लोग घायल हुए हैं और करीब चार हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सुरक्षा एजेंसियों की तैनाती के साथ-साथ बचाव और राहत कार्यों में तेजी लाई गई है। नेपाली सेना के हेलीकॉप्टरों ने कावरे, सिंधुली और ललितपुर जिलों के कुछ हिस्सों में घायल और फंसे हुए 162 लोगों का रेस्क्यू किया है। राहत सामग्री जैसे खाद्य आपूर्ति भी प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचाई जा रही है। घायलों का उपचार सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में किया जा रहा है। प्रवक्ता ने कहा कि बचाव और राहत प्रयासों को प्राथमिकता दी जा रही है। ब्लॉक सड़कों को साफ करने पुनर्निर्माण कार्य जारी है। मंत्रालय ने यह भी बताया कि प्रांतीय सरकारें, जिला आपदा प्रबंधन समितियां और स्थानीय इकाइयां मिलकर कार्य कर रही हैं। बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन ने नेपाल के जलविद्युत संयंत्र और सिंचाई सुविधाओं को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है। इस आपदा से करीब 4.35 बिलियन नेपाली रुपए का नुकसान हुआ है। विशेष रूप से, 27 और 28 सितंबर को हुई बारिश ने हाइड्रोपावर और ट्रांसमिशन परियोजनाओं को तीन बिलियन रुपये का नुकसान पहुंचाया, जबकि नदी नियंत्रण और सिंचाई परियोजनाओं को करीब 1.35 बिलियन रुपए का नुकसान हुआ है। कुल मिलाकर, 625.96 मेगावाट की संयुक्त उत्पादन क्षमता वाले 11 चालू जलविद्युत संयंत्रों को नुकसान हुआ है, जिससे 1100 मेगावाट की उत्पादन क्षमता प्रभावित हुई है, जो देश की कुल क्षमता का करीब एक तिहाई है। आगामी सर्दियों में देश के लिए पर्याप्त बिजली का प्रबंध करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है, क्योंकि क्षतिग्रस्त बिजली संयंत्रों की मरम्मत में समय लगेगा।

**बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 192 हुई** : नेपाल में मूसलाधार बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या सोमवार सुबह तक 192 हो गई। गृह मंत्रालय के ने बताया कि विनाशकारी आपदाओं में 30 लोग लापता हैं और 194 घायल हैं। अब तक 4,500 से ज्यादा लोगों का रेस्क्यू किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### वाशिंगटन पहुंचे जयशंकर, ब्लिंकन और 'थिंक-टैंक' से करेंगे मुलाकात



**वाशिंगटन**। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर मंगलवार को अमेरिकी विदेश मंत्री टोनी ब्लिंकन से मुलाकात करेंगे। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया में संकट सहित कई द्विपक्षीय और वैश्विक मुद्दों पर भी बातचीत हो सकती है। जयशंकर रविवार को वाशिंगटन डीसी पहुंच गए हैं। वह कैबिनेट के अन्य मंत्रियों और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के अन्य अधिकारियों से भी मुलाकात करेंगे। जयशंकर 'थिंक-टैंक' समुदाय से भी बातचीत करेंगे। 'कार्नेगी एंडोमेंट फॉर इंटरनेशनल पीस' जयशंकर और इस 'थिंक टैंक' के अध्यक्ष मारियानो-फ्लोरेंटिनो (टिनो) क्यूएलर के बीच अमेरिका-भारत संबंधों के भविष्य पर चर्चा करेंगे। 'थिंक टैंक' ने पीएम नरेन्द्र मोदी की 2023 की राजकीय यात्रा और बाइडन के साथ उनकी हालिया द्विपक्षीय बैठक का हवाला देते हुए कहा कि भारत का रणनीतिक महत्व वैश्विक स्तर पर और अमेरिकी विदेश नीति के निर्माण में बढ़ रहा है। तेजी से बदलते वैश्विक घटनाक्रम के बीच अमेरिका के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंध और ज्यादा व्यापक हुए हैं।

### राजस्थान से गया जा रही बस सासाराम में दुर्घटनाग्रस्त, 3 की मौत, कई घायल

**पटना**। पिंडदान कराने के लिए राजस्थान से गया जा रही बस सासाराम में सोमवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। घटना में तीन यात्रियों की मौके पर मौत हो गयी, जबकि कई घायल हैं। बस में सवार लोग राजस्थान के जलावर जिला के कोटरा गांव से पिंडदान करने गया जा रहे थे। इस दौरान सासाराम में चेनारी के सबराबाद में एनएच के पास खड़ी ट्रक में बस ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में बस सवार तीन लोगों की मौत जबकि आठ महिला सहित 15 लोग बुरी तरह से घायल हो गए। घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। मृतकों में गोवर्धन सिंह, बाला सिंह तथा राजेंद्र सिंह शामिल हैं जो राजस्थान के जलावर जिला के रहने वाले थे। घायलों की स्थिति चिंता से बाहर बताई जा रही है। मृतक तीनों आपस में रिश्तेदार हैं।

### सर्राफा कारोबारी से 1.6 करोड़ की ठगी, थमाए अनुपम खेर की तस्वीर वाले नोट

**नई दिल्ली**। देशभर में ठग नए-नए तरीके ढूंढकर लोगों को चूना लगाने में लगे रहते हैं, और अहमदाबाद में हाल ही में सामने आए एक मामले ने ठगी के नए शातिर तरीके को उजागर किया है। यहां एक सर्राफा कारोबारी से 1.6 करोड़ रुपए की ठगी की गई, जिसमें ठगों ने नकली नोटों पर फिल्म अभिनेता अनुपम खेर की तस्वीर छापी थी। इस घटना ने पुलिस और व्यापारियों को सकते में डाल दिया है। घटना अहमदाबाद के मानेक चौक इलाके में स्थित एक सर्राफा फर्म के मालिक मेहुल ठक्कर के साथ हुई। ठक्कर को कुछ लोगों ने 2100 किलो सोना बेचने का लालच दिया था। उन्होंने 24 सितंबर को नवरंगपुरा इलाके में एक कूरियर फर्म के दफ्तर में सोने की डिलीवरी की। व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि उन्हें 1.3 करोड़ रुपए कैश में दिए जाएंगे और बाकी 30 लाख रुपए जल्द ही मिल जाएंगे। डिलीवरी के दौरान ठगों ने ठक्कर के कर्मचारियों को प्लास्टिक कवर में कैश दिया, जिसमें नोट काउंटिंग मशीन से गिनने की सलाह दी गई लेकिन जैसे ही कर्मचारियों ने कैश गिनने का प्रयास किया, ठग सोना लेकर फरार हो गए।

# चंद्रयान-3 जिस क्रेटर पर उतरा वह नेक्टरियन काल में बना था



**नई दिल्ली**। भारत के चंद्रयान-3 मिशन ने उपलब्धि हासिल की है, जिसमें यह चंद्रमा के सबसे पुराने क्रेटर में से एक पर सफलतापूर्वक उतरा। इसरो और भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला के वैज्ञानिकों ने मिशन से मिली तस्वीरों का विश्लेषण करने के बाद यह संभावना जताई है। चंद्रमा पर गड्ढों को क्रेटर कहा जाता है, जो अक्सर ज्वालामुखीय विस्फोटों या उल्का पिंडों के टकराव के कारण बनते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि चंद्रयान-3 जिस क्रेटर पर उतरा है, वह नेक्टरियन काल के दौरान बना था, जो करीब 3.85 अरब साल पहले का समय है। एसोसिएट प्रोफेसर एस. विजयन ने बताया कि यह स्थल एक अद्वितीय भूगर्भीय स्थान है, जहां पहले कोई अन्य मिशन नहीं पहुंचा है। मिशन के रोवर द्वारा ली गई तस्वीरें चंद्रमा के उस क्षेत्र की पहली तस्वीरें हैं, जो इस अक्षांश पर प्राप्त हुई हैं, और ये चंद्रमा के विकास को समझने में मदद करेंगी। जब कोई तारा किसी बड़े पिंड की सतह से टकराता है, तो क्रेटर का निर्माण होता है और विस्थापित पदार्थ को इजेक्टा कहा जाता है। विजयन ने इसे एक साधारण उदाहरण से समझाया, जब आप रेत पर गेंद फेंकते हैं, तो रेत का कुछ हिस्सा विस्थापित होकर बाहर उछलता है, ठीक उसी तरह इजेक्टा भी बनता है। चंद्रयान-3 ने जिस क्रेटर पर उतरने की कोशिश की, उसका व्यास करीब 160 किलोमीटर है और इसके अर्ध-वृत्ताकार संरचना के संकेत मिले हैं। शोधकर्ताओं का मानना है कि यह संभवतः क्रेटर का केवल आधा भाग है, जबकि दूसरा आधा भाग दक्षिणी ध्रुव-ऐटकेन बेसिन से निकले इजेक्टा के नीचे दबा हुआ है।

# जनसुराज के प्रणेता प्रशांत किशोर आखिर बिहार मे उद्योग पर क्यूँ खुल कर नहीं कहते

मनीष कुमार की कलम से

प्रशांत किशोर आज बिहार की राजनीति में कोई अबूझ नाम नहीं है। पिछले एक साल मे पैदल घूम घूम कर अपने लिए राजनीतिक जमीन ढूँढने की पुरजोर कोशिश कर रहे है। इस पूरी कोशिश के दौरान उन्होंने बिहार की हर परेशानी और जनसमस्याओं के सम्बंध में आवाज उठाई साथ ही अपने विचार भी रखे।

उनकी पूरे राज्य के भ्रमण के दौरान लोगों से जन चर्चा की हज़ारों हजार बैठकें की उन्होंने समय समय पर विभिन्न नेताओ और पार्टियों को बिहार की इस दुर्दशा के लिये दोषी ठहराया। हालाँकि उन्होंने अपने भाषणों और चर्चा के दौरान बिहार के बदहाली के लिये कमोबेश सभी पार्टियों का नाम लिया परंतु अगर देखा जाय तो इन्होंने बिहार की बदहाली के नाम गिनाये उसमे लालू जी पहले नंबर पर नीतीश



जी दूसरे और भाजपा तीसरे नंबर पर रही है। और अगर देखा जाय तो बिहार मे जिस रफ्तार में उद्योग धंधों का विस्तार होना चाहिये था उसका उस गति से विस्तार नहीं हुआ है और इसके लिये केन्द्र सरकार ही जिम्मेदार है।

क्यूँकी केंद्र सरकार में गुजरात के जितने सांसदों की भागीदारी गुजरात ने दी है उससे ज्यादा भागीदारी बिहार की रही है। सत्ता में आने के पुर्व मोदी जी जिस तरह गुजरात मॉडल की बात करते थे बिहार मे कभी भी और कहीं भी गुजरात मॉडल धरातल पर दिखाई नहीं दिया है और ना ही कभी प्रशांत किशोर ने इस बात की चर्चा की ।सवाल यह उठता है कि आखिर क्यूँ प्रशांत ने मोदी के नाम से इतनी दूरी क्यूँ बना रखी है। लोगों को यह भी सोचना जरूरी है कि आखिर केन्द्र में मोदी सरकार सही है तो फिर बिहार मे क्यूँ नहीं। कहीं ऐसा तो नहीं है कि बिहार मे ज़नसुराज विरोध की राजनीति करते नीतीश-लालू की तरह एक मोर्चा कायम करना चाहते है इसीलिए भाजपा के विरोध को कम दिखाते है ताकि अगर मौका मिले तो नीतीश की तरह भाजपा से सटकर सत्ता का सुख भोग सके।

**अगले अंक में जारी......**

## एयर इंडिया ने यात्रियों के लिए चेक-इन की नई सुविधा का किया ऐलान

**नई दिल्ली**। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने सोमवार को अपने यात्रियों के लिए चेक-इन की परेशानी को कम करने के लिए नई सुविधा का ऐलान किया है। यात्री अब दिल्ली मेट्रो स्टेशनों पर अपनी चेक-इन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं और समय और परेशानी से बच सकते हैं। एयरलाइन ने खराब सेवाओं के खिलाफ लगातार मिल रही शिकायतों के बीच इस सुविधा की शुरुआत की है। कंपनी ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि दिल्ली मेट्रो स्टेशनों पर चेक-इन करके एयरपोर्ट की भीड़ से बचें! बयान के मुताबिक एयर इंडिया की नई सेवा के साथ अब आप नई दिल्ली और शिवाजी स्टेडियम मेट्रो स्टेशनों पर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए चेक-इन कर सकते हैं। एयर इंडिया की यह सेवा सुबह 7 बजे से लेकर रात्रि के 11 बजे तक चालू रहेगी। एयर इंडिया के साथ एक सहज यात्रा अनुभव का आनंद लें। उल्लेखनीय है कि एयरलाइन की नवीनतम घोषणा कई यात्रियों के शिकायतों की पृष्ठभूमि में आई है, जिनमें भारतीय-अमेरिकी संगीतकार रिकी केज शामिल हैं। उन्होंने सार्वजनिक रूप से एयर इंडिया की आलोचना की थी, क्योंकि उन्हें हवाई अड्डे पर अपने अतिरिक्त सामान के भुगतान के लिए कथित तौर पर करीब एक घंटे तक इंतजार करना पड़ा था।

## पीएम मोदी तो खड़गे की लंबी उम्र और स्वास्थ्य की प्रार्थना करते हैं



**नई दिल्ली**। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पीएम नरेंद्र मोदी पर दिए बयान को घटिया और शर्मनाक बताया है। शाह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि खड़गे ने अपने भाषण में बेवजह पीएम मोदी को उनके व्यक्तिगत स्वास्थ्य मामले में घसीटा और कहा कि वे उन्हें सत्ता से हटाकर ही दम लेंगे। अमित शाह ने लिखा-इससे साफ होता है कि कांग्रेस के नेताओं में पीएम मोदी के लिए कितनी नफरत और डर है कि वे हर समय उनके बारे में ही सोचते रहते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी तो खड़गे की लंबी उम्र और स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करते हैं, और सभी को चाहिए कि वे उनकी दीर्घायु की कामना करें। बता दें रविवार को जम्मू-कश्मीर में एक चुनावी सभा में मल्लिकार्जुन खड़गे की तबीयत अचानक खराब हो गई थी। उन्होंने कहा कि मैं 83 साल का हूं, लेकिन तब तक जीवित रहूंगा जब तक हम मोदी को हटा नहीं देते। इसके साथ ही उन्होंने पीएम मोदी पर कटाक्ष करते हुए लिखा- पीएम नरेंद्र मोदी जम्मू-कश्मीर आकर युवाओं के भविष्य के लिए झूठे आंसू बहा रहे हैं। पिछले दस सालों में पूरे देश के युवाओं को अंधकार में धकेल दिया है, जिसके लिए वे (मोदी) खुद जिम्मेदार हैं। खड़गे ने बेरोजगारी के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि पीएम मोदी के शासन में 45 सालों में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है।

# कम से कम भगवान को राजनीति से दूर रखें, तिरुपति लड्डू विवाद पर सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी। नई दिल्ली

तिरुपति में सामने आए लड्डू विवाद पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो रही है। मामले पर सुनवाई कर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कम से कम भगवान को राजनीति से दूर रखें। जस्टिस भूषण आर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच के सामने सुब्रमण्यन स्वामी के वकील ने कहा कि निर्माण सामग्री बिना जांच के रसोई घर में जा रही थी। जांच से इस बात का खुलासा हुआ। इसकी देखरेख के लिए सिस्टम को जिम्मेदार होना चाहिए, क्योंकि ये देवता का प्रसाद होता हैं, जनता और श्रद्धालुओं के लिए यह प्रसाद परम पवित्र है। सुप्रीम कार्ट में दायर की



गई याचिकाओं में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू द्वारा लगाए गए आरोपों की अदालत की निगरानी में जांच की मांग हुई है। उनका दावा है कि तिरुपति मंदिर में लड्डू बनाने में जानवरों की चर्बी और मछली के तेल का इस्तेमाल हुआ। इस बीच, राज्य सरकार की सोसायटी प्रसादम की गुणवत्ता और लड्डू में इस्तेमाल किए गए घी की जांच करने के लिए तिरुपति में है। तिरुपति मंदिर बोर्ड की ओर से सीनियर वकील सिद्धार्थ और आंध्र प्रदेश राज्य की तरफ से सीनियर एडवोकेट अधिवक्ता मुकुल रोहतगी पेश हुए। जस्टिस गवई ने आंध्र प्रदेश सरकार की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट रोहतगी के सवाल का जवाब देकर कहा, जब आप संवैधानिक पद पर होते हैं, तब आपसे यह उम्मीद की जाती है कि देवताओं को राजनीति से दूर रखा जाएगा। कोर्ट ने वकील रोहतगी से पूछा, आपने एसआईटी के लिए आदेश दिया, नतीजा आने तक प्रेस में जाने की क्या जरूरत है? आप हमेशा से ही इसतरह के मामलों में पेश होते रहे हैं, यह दूसरी बार है।

# आप कोर्ट रूम में हैं, न कि किसी कॉफी हाउस में

## सीजेआई ने या...या... शब्द इस्तेमाल करने पर वकील को फटकारा

**नई दिल्ली**। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने एक वकील को जमकर फटकार लगाई। वकील ने अपनी दलील के बाद अनौपचारिक हां या...या... का इस्तेमाल किया, जिस पर सीजेआई नाराज हो गए। उन्होंने कहा कि उन्हें इस येचह से एलर्जी है। उन्होंने वकील को यह भी याद दिलाया कि वह कोर्ट रूम में हैं, न कि किसी कॉफी कैफे में। लाइव लॉ के मुताबिक सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ ने सोमवार को एक वादी द्वारा उन्हें राहत न देने के लिए एक जज के खिलाफ आंतरिक जांच की मांग पर आपत्ति जताई। दरअसल, वकील एक याचिका का उल्लेख कर रहा था जिसमें उन्होंने भारत के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई को प्रतिवादी के रूप में जोड़ा था। उसने राहत न देने के लिए न्यायाधीश के खिलाफ आंतरिक जांच की मांग की गई थी। वकील की दलील के बाद



सीजेआई ने कहा कि आप जज को प्रतिवादी बनाकर जनहित याचिका कैसे दायर कर सकते हैं? इसमें कुछ गरिमा होनी चाहिए। आप यूं ही नहीं कह सकते कि मैं जज के खिलाफ इन-हाउस जांच चाहता हूं। जस्टिस रंजन गोगोई सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज थे। क्योंकि आप बेंच के सामने जाने में सफल नहीं हुए। माफ कीजिए, हम इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते। दलील देते हुए वकील ने कहा कि हां तत्कालीन सीजेआई रंजन गोगोई ने मुझे क्यूरेटिव दाखिल करने के लिए कहा था। चीफ जस्टिस ने उनकी बात बीच में ही काट दी और कहा यह कोई कॉफी शॉप नहीं है यहां या...या... का इस्तेमाल न करें। वकील ने आगे कहा कि न्यायमूर्ति गोगोई ने एक अवैध बयान के आधार पर उनकी सेवा समाप्ति को चुनौती देने वाली याचिका को गलत तरीके से खारिज कर दिया था और फैसले में कानून की गंभीर त्रुटियां थीं। सीजेआई ने कहा कि सही हो या गलत, सुप्रीम कोर्ट का अंतिम फैसला आ चुका है। आपकी पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी गई है। अब आपको क्यूरेटिव दाखिल करना होगा, लेकिन आप कहते हैं कि आप क्यूरेटिव दाखिल नहीं करना चाहते।

## सीएम आतिशी ने किया दिल्ली की सड़कों का निरीक्षण, मरम्मत करने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली**। दिल्ली सीएम आतिशी ने लोक निर्माण विभाग की सभी सड़कों की मरम्मत करने का काम युद्धस्तर पर करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। सीएम आतिशी ने सोमवार सुबह एनएसआईसी ओखला, मोदी मिल फ्लाइओवर, चिराग दिल्ली, तुगलकाबाद विस्तार, मथुरा रोड, आश्रम चौक और आश्रम अंडरपास की सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने ये सभी सड़कें जर्जर हालत में मिली।



कई स्थानों पर पाइपलाइन या बिजली की तारें डालने के लिए सड़कें काटी गई लेकिन उनकी मरम्मत नहीं की गई। सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे मिले। उन्होंने अधिकारियों की निर्देश दिया कि इन सभी सड़कों की मरम्मत करने का काम जल्द से जल्द और युद्धस्तर पर किया जाए ताकि लोगों को बेहतर सड़कें मिल सकें। उन्होंने एक्स पर कहा कि दिल्ली में पीडब्ल्यूडी की सभी सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने की दिशा में सोमवार सुबह से दिल्ली सरकार का पूरा कैबिनेट ग्राउंड जीरो पर उतरकर सड़कों का निरीक्षण कर रहा है।

## बिजली खरीद को लेकर आरआरटीएस कॉरिडोर के लिए एनसीआरटीसी ने पीटीसी इंडिया के साथ किया करार

**गाजियाबाद**। एनसीआरटीसी ने आरआरटीएस कॉरिडोर के लिए पावर एक्सचेंज के माध्यम से ग्रीन एनर्जी सहित कम लागत वाली बिजली की खरीद के लिए पावर ट्रेडिंग कॉरपोरेशन (पीटीसी) इंडिया के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल और पीटीसी के सीएमडी मनोज झावर की उपस्थिति में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत, एनसीआरटीसी न केवल आरआरटीएस के लिए कम लागत वाली बिजली हासिल करेगा, बल्कि एनसीआरटीसी की सस्टेनबिलिटी को भी सुनिश्चित करेगा। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने सोमवार को बताया कि पीटीसी पावर ट्रेडिंग समाधानों का एक अग्रणी प्रदाता है। इस करार से एनसीआरटीसी को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद, मोदीपुरम, शताब्दी नगर और मुरादनगर में स्थित अपने रिसीविंग सबस्टेशनों (आरएसएस) के साथ-साथ दिल्ली में सराय काले खां में पावर एक्सचेंजों के माध्यम से अपनी बिजली की आवश्यकता होगी। इस समझौते का लक्ष्य आरआरटीएस की समग्र बिजली लागत को कम करना है।

## संक्षिप्त समाचार

### दुर्गा पूजा में डीजे बजाने पर रहेगा प्रतिबंध

**पूर्णिया,एजेंसी।** मुफ्फसिल थाना परिषर में रविवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। अध्यक्षता थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने की। बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य राजीव सिंह, मुखिया गुलाम हजरत, पूर्व उपप्रमुख मीना देवी उपस्थित थे। इस दौरान प्रतिमा विसर्जन को लेकर रूट चार्ट पर विशेष रूप से चर्चा की गयी । वही दुर्गा पूजा के अवसर पर लगने वाले मेला में शरारती तत्वों पर विशेष निगाह रखने की बात कही गयी। मेले व पंडालों में सीसी टीवी कैमरा को अनिवार्य बताया गया। इनके अलावे असामाजिक तत्वों पर धारा 107 के तहत कार्यवाही करने की बात भी बैठक में रखी गयी। बैठक में सभी पूजा समिति के सदस्यों को लायसेन्स के लिए दो दिनों के अंदर आवेदन जमा करने के लिए कहा वहीं डीजे साउंड पूर्णतः पाबंदी लगाने की बात कही गई। पूजा में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मेला व पूजा पंडालों में पुलिसकर्मी की तैनाती की जायेगी। बैठक में पूजा के दौरान शराबियों पर नकेल कसने की मांग जनप्रतिनिधियों ने की। बैठक में उपसरपंच मदन लाल मंडल, राहुल मोनू, बिक्रम चौधरी, गणेश कुमार सिंह, अरुण कुमार साह, बलबीर साह, कमल किशोर महलदार, नवीन कुमार पोद्दार, अमित कुमार, अशोक कुमार सुमन, रामानंद चौहान, दिलीप चौहान, योगेंद्र सरपंच आदि मौजूद थे।

### बेनीपुर में कटाव स्थल पर चल रहा मरम्मत कार्य

**मुजफ्फरपुर,एजेंसी।** बेनीपुर में बागमती के दक्षिणी तटबंध पर तेजी से कटाव हो रहा है। वहां सरकारी व निजी स्तर से मरम्मत का कार्य चल रहा है। जिला प्रशासन की टीम तटबंध पर नजर बनाए हुआ है। औराई सीमा से सटे रून्नीसैदपुर थाना क्षेत्र के तिलक ताजपुर में बागमती का तटबंध टूट गया है। लोग बचाव कार्य में जुटे हुए हैं।

### घर के पास खेल रही बच्ची को सांप ने डंसा, मौत

- परिजन बोले-जानकारी होने पर अस्पताल लेकर पहुंचे, इलाज के दौरान गई जान

**गोपालगंज,एजेंसी।** गोपालगंज के फुलवरिया थाना क्षेत्र के देवान परसा गांव में बच्चो साथ अपने घर के बाहर खेल रही एक सात वर्षीय बच्ची को जहरीले सर्प ने डंस लिया। जिसके बाद परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां बच्ची की मौत हो गई। मृतका की पहचान देवान परसा गांव निवासी जमशेद नट की सात वर्षीय बेटी आफरीन खातून के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि देवान परसा गांव निवासी जमशेद नट की बेटी आफरीन खातून(7) अपने घर के बाहर कुछ बच्चों के साथ खेल रही थी। तभी जहरीले सर्प नें बच्ची को डंस लिया जिसके बाद बच्ची ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। जब तक परिजन उसे इलाज के लिए मरछीया देवी रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने बच्ची को सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में परिजन लेकर पहुंचे लेकिन इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई। जिसके बाद परिजन शव का पोस्टमॉर्टम कराए बिना ही अपने साथ लेकर घर के लिए रवाना हो गए।

### क्षेत्रीय प्रतियोगिता परीक्षा में 500 छात्रों ने लिया भाग

**मुंगेर,एजेंसी।** जनता पुस्तकालय, लोहचा पाटम की ओर से छात्र-छात्राओं के लिए 22 वां क्षेत्रीय प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। पुस्तकालय के सचिव नीतीश कुमार रंजन के नेतृत्व में स्थानीय चार स्कूलों परीक्षा आयोजित की गई। वर्ग तृतीय से वर्ग दशम तक के करीब 500 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। पुस्तकालय के सचिव ने बताया कि परीक्षाफल प्रकाशन एवं पारितोषिक वितरण 12 अक्टूबर को दुर्गा स्थान पाटम में किया जाएगा। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रो. ललिता रानी, शिक्षक ओमप्रकाश चौरसिया, सहदेव मंडल, पंकज कुमार,अभय कुमार, प्रमोद कुमार आदि मौजूद थे।

### पूर्व सांसद व सांसद प्रतिनिधि ने किया देवापुर बेलवा घाट का निरीक्षण

**मोतिहारी,एजेंसी।** पूर्व सांसद व वर्तमान सांसद पति आनंद मोहन ने रविवार को देवापुर बेलवा बांध का निरीक्षण किया गया। बांध रिसाव स्थलों का भी निरीक्षण किया तथा वहा उपस्थित लोगो का हाल जाना। वही जिला प्रशासन तथा सरकार से किसानो की बर्बाद फ़सल का अविलम्ब मुआवजा व पानी मे घिरे परिवार क़े लिए अविलम्ब प्लास्टिक व खाना की व्यवस्था करने की मांग की। ज्ञात हो कि नेपाल से निकलने वाली दो नदियों क़े संगम स्थल देवापुर मे बागमती नदी व लालबकेया नदी अपने विकराल रूप मे है तथा बांध में कई स्थानों पर रिसाव हो रहा था जिसकी सुचना पाकर पूर्व सांसद व वर्तमान सांसद पति आनंद मोहन, समाजसेवी सुभाष सिंह सहित अन्य कार्यकर्त्ता संग बांध का निरीक्षण किया तथा लोगों को कहा कि वे हर परिस्थिति मे शिवहर की जनता क़े साथ है।

# भीमगया वेदी पर महाबली भीम ने पिता पांडु के लिए किया था पिंडदान, आज भी लगती कतार

**गया,एजेंसी।** पितृपक्ष में पूर्वजों के लिए त्रिपाक्षिक गयाश्राद्ध कर रहे पिंडदानी तिथि की वेदी पर जाकर-जाकर पिंडदान कर रहे हैं। इसी क्रम में पितृपक्ष के 13वें दिन रविवार को तीर्थयात्रियों ने वहां पहुंचे जहां महाबली भीम ने पिंडदान किया। भीम गया वेदी पर पिंडदान कर पितरों के मोक्ष की कामना की। मां मंगलागौरी के रास्ते में स्थित भीमगया वेदी पर पिंडदान के बाद घेरे के अंदर मौजूद भीम के घुटने के निशान के दर्शन-पूजन भी किए। कहा जाता है कि पांडु पुत्र भीम ने अपने पिता की मुक्ति के लिए इसी स्थान पर पिंडदान किया था।



पिंडदान के बाद परिसर में ही शिला पर बायां घुटने के निशान (गड्ढे) में पिंड अर्पित किए। पिंडदान करते समय बायां घुटन मोड़कर बैठे थे। इस कारण एक शिला पर घुटने जैसा निशान है। अब इस स्थान को भीम गया वेदी के नाम पर जाना जाता है। भीमगया में पिंडदान के बाद पिंडदानियों ने भस्मकूट पर्वत पर स्थित मंदिर के में मां मंगला के दर्शन-पूजन किए। गोप्रचार और गदालोल वेदियों पर पिंड अर्पित पूर्वजों के मोक्ष की भस्मकूट पहाड़ी पर स्थित भीमगया वेदी पर पिंडदान के बाद त्रिपाक्षिक गयाश्राद्ध करने वालों का जत्था मां मंगलागौरी मंदिर के बायीं ओर स्थित गोप्रचार वेदी पर पहुंचा। यहां भी पिंड अर्पित कर पूर्वजों के मोक्ष की कामना की। गो प्रचार वेदी पर गोखुर के बने निशान पर सावधानी से तीर्थयात्रियों ने पिंड अर्पित किया। भीमगया और गोप्रचार वेदियों पर जगह कम रहने के कारण पिंडदानियों ने मां मंगलागौरी मंदिर की छत और परिसर में बैठकर पिंडदान किया। पाठ वाले मंडप व धर्मशाला सहित जहां जगह मिली तीर्थयात्री वहीं बैठकर पितरों को याद किया। भीमगया वेदी पर पिंडदान के बाद परिसर में ही शिला पर बायां घुटने के निशान (गड्ढे) में पिंड अर्पित किए। गो प्रचार वेदी पर गोखुर के बने निशान पर सावधानी से तीर्थयात्रियों ने पिंड अर्पित किया। मां मंगलागौरी में लगी रही कतार

मां मंगलागौरी मंदिर के आसपास पिंडवेदियों पर पिंडदान का विधान होने के कारण रविवार को पूरा इलाका पिंडदान निमित मंत्रोच्चार से गूंजता रहा। पिंडदान के बाद पिंडदानियों ने मां मंगलागौरी के दर्शन-पूजन किए। सुबह भीड़ के कारण कतार लगी। कतार में रहने के बाद पिंडदानियों ने मां मंगलागौरी की पूजा-अर्चना की। दोपहर तक पिंडदानियों की भीड़ बनी रही।

### आज पिंडदानी मनाएंगे पितरों की दीपावली

पितृपक्ष के 14वें दिन (आश्विन कृष्णपक्ष त्रयोदशी) सोमवार को त्रिपाक्षिक पिंडदान कर रहे तीर्थयात्रियों की भीड़ फल्गु नदी में उमड़ेगी। शाम में तीर्थयात्री पितरों के लिए दीपावली मनाएंगे। श्री विष्णुपद प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शंभू लाल विट्ठल और सचिव व गयापाल गजाधर लाल पाठक ने कहा कि त्रिपाक्षिक गयाश्राद्ध करे पिंडदानी अपने पूर्वजों की याद में सोमवार की शाम फल्गु घाटों पर दीप जलाएंगे। इस तिथि को दिवगंत हुए पितरों के लिए पिंडदान करने का विशेष महत्व है। जिनके पितर इस तिथि को दिवगंत नहीं हुए वे केवल तर्पण, देवदर्शन और दीप दान करेंगे।

## ओडिसा के जगन्नाथ मंदिर के तर्ज पर बनाया जा रहा है पंडाल

**दरभंगा,एजेंसी।** नवचेतना सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, भगत सिंह चौक दरभंगा टावर से सटा हुआ है। यहां वर्ष 2004 से लगातार मां दुर्गा की पूजा धूमधाम से होती चली आ रही है। यह पूजा समिति पंडाल एवं बिजली के उत्कृष्ट डेकोरेशन को लेकर हमेशा भक्तों के आकर्षण का केंद्र रही है। इस वर्ष यहां प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर के तर्ज पर पंडाल का निर्माण किया जा रहा है।

इस पंडाल के भीतर मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा विराजमान होगी। मन्दिर के भीतर स्वर्गलोक का नजारा भक्तों को देखने को मिलेगा। पूजा समिति के अध्यक्ष सुनील राय ने बताया कि सप्तमी, अष्टमी एवं नवमी की संध्या बेला में मां की विशेष आरती काशी के पुरोहितों द्वारा गंगा आरती के तर्ज पर करवाई जाती है, जो भक्तों के आकर्षण का केंद्र होती है। यह आरती पिछले आठ वर्षों से पूजा समिति में होती चली आ रही है। विशाल जगन्नाथ मंदिर के तर्ज पर पंडाल का निर्माण स्थानीय कला निर्देशक भीम दास अपने जोरजा गांव की टीम के साथ कर रहे हैं। मंदिर के भीतर स्वर्गलोक बनाने का काम स्थानीय राहुल भगत कर रहे हैं। बिजली एवं साउंड का काम राम सागर कर रहे हैं।

मूर्तिकार आनंद पंडित भी दरभंगा से ही हैं। पूजा समिति के सचिव मनोज कांस्यकार ने कहा कि यहां सारे काम स्थानीय स्तर पर करवाए जाते हैं, इसके बाबजूद यह समिति हमेशा पुरस्कृत होती रही है। उन्होंने बताया कि हमारी समिति को उत्कृष्ट डेकोरेशन एवं शांतिपूर्ण व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन ने वर्ष 2014, 2015 व 2016 में पुरस्कृत किया था।

वर्ष 2017 में इसे प्रथम पुरस्कार मिला ता। जिला दुर्गा पूजा समन्वय समिति द्वारा हमारी समिति को लाइट एवं पंडाल डेकोरेशन को लेकर पुरस्कृत किया जाता रहा है। मेले के दौरान अत्यधिक भीड़ को देखते हुए सीसी कैमरा एवं ड्रोन कैमरा की व्यवस्था की गई है। यहां मुख्य पुजारी महेश पंडित दरभंगा से हैं। वे शुरू से ही पूजा करवाते आ रहे हैं। मां का मुख्य प्रसाद 56 भोग है।

### श्रम अधीक्षक ने जनता दरबार में 3 मजदूरों को दिलाया बकाया मजदूरी

**मुंगेर,एजेंसी।** आईटीआई, मुंगेर कैंपस में स्थित संयुक्त श्रम भवन में शनिवार को मुंगेर के श्रम अधीक्षक सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में श्रम विभाग में श्रम पक्ष के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस जनता दरबार में श्रम अधीक्षक के द्वारा मजदूरों का बकाया मजदूरी भुगतान संबंधी शिकायत पत्र की सुनवाई की गई। सुनवाई के बाद तीन शिकायत पत्रों का निपटारा किया गया। इसके तहत श्रम अधीक्षक ने 3 शिकायतकर्ता मजदूरों को उनका बकाया मजदूरी नियोजक से दिलाया। जबकि, शेष मामलों में श्रमिकों की समस्या के समाधान हेतु शिकायत पत्रों पर सुनवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित की गई। इस बीच अपनी शिकायत का समाधान करवाने जनता दरबार पहुंचे मजदूरों में इस दरबार को लेकर काफी उत्साह देखा गया।

मौके पर श्रम अधीक्षक ने संवाददाता से बात करते हुए कहा कि, श्रम संसाधन विभाग हमेशा श्रमिकों के हित में तत्पर एवं सजग है। किसी भी जानकारी एवं शिकायत के लिए प्रत्येक शनिवार को श्रम संसाधन विभाग के श्रम पक्ष द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। यह जनता दरबार सरकारी आईटीआई, मुंगेर के कैंपस में स्थित संयुक्त श्रम भवन में सुबह 10:00 बजे से अपराह्न 5:00 तक आयोजित किया जाता है। मजदूर अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालय से संपर्क स्थापित कर सकते हैं अथवा जनता दरबार में आ सकते हैं।

### त्योहार के सीजन में यात्रियों को मिलेगी राहत

# नई दिल्ली-राजगीर के बीच चलेगी विशेष ट्रेन

**12 अक्टूबर से शुरू होगा परिचालन**

**नालंदा,एजेंसी।** आगामी त्योहारी सीजन में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। रेल मंत्रालय की ओर से एक प्रेस विज्ञप्ति जारी किया गया है। इसके अनुसार, नई दिल्ली से राजगीर के बीच एक विशेष द्वि-साप्ताहिक ट्रेन का संचालन किया जाएगा। यह सेवा 12 अक्टूबर से 30 नवंबर 2024 तक उपलब्ध रहेगी।

**रात 9 बजे बजे राजगीर पहुंचेगी ट्रेन**

ट्रेन संख्या 04070 (नई दिल्ली से राजगीर)- प्रत्येक शनिवार और मंगलवार की रात 12:20 बजे खुलेगी। राजगीर स्टेशन पर रात 9 बजे पहुंचेगी।

ट्रेन संख्या 04069 (राजगीर से नई दिल्ली)- प्रत्येक शनिवार और मंगलवार को रात 10:50 बजे पहुंचेंगे। नई दिल्ली स्टेशन पर अगली रात 11:10 बजे पहुंचेगी।




ट्रेन मार्ग में कई महत्वपूर्ण स्टेशन पर रूकेगी, जिनमें गोविंदपुरी जंक्शन, प्रयागराज जंक्शन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा जंक्शन, पटना जंक्शन, बख्तियारपुर जंक्शन और बिहार शरीफ जंक्शन शामिल हैं।

**वातानुकूलित होगी ट्रेन**

यात्रियों की आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए, यह ट्रेन पूरी तरह से वातानुकूलित होगी। इसमें फर्स्ट एसी, सेकेंड एसी और थर्ड एसी श्रेणी के कोच उपलब्ध होंगे।

टिकट बुकिंग के इच्छुक यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे प्रतिदिन सुबह 8 बजे आरक्षण की स्थिति की जांच करें। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इस विशेष ट्रेन से न केवल तीर्थ यात्रियों को फायदा होगा, बल्कि व्यापारियों और आम यात्रियों को भी त्योहारी सीजन में अपने गंतव्य तक पहुंचने में मदद मिलेगी।

## दरभंगा में कोसी नदी की उपधारा का बांध टूटा:एक लाख से अधिक की आबादी प्रभावित, 24 गांव में घुसा पानी

**दरभंगा,एजेंसी।** नेपाल में लगातार बारिश हो रही है। साथ ही नदी में पानी भी छोड़ा गया है। इस कारण बिहार में नदिया उफान पर है। रविवार देर रात दरभंगा के किरतपुर प्रखंड के भुभोल गांव के समीप कोसी नदी का पश्चिमी तटबंध करीब 10 मीटर की दूरी में टूट गया। इस कारण एक लाख की आबादी प्रभावित है। साथ ही 24 गांव में बाढ़ का पानी घुस गया है।

डीएम राजीव रौशन ने बताया कि किरतपुर की आठ पंचायतों के लोगों को माइकिंग करा कर ऊंचे स्थानों पर जाने के लिए कहा गया है। करीब आठ किमी की दूरी में पानी बह रहा है। घनश्यामपुर, गौड़ाबौराम, कुशेश्वरस्थान और किरतपुर प्रखंड इससे प्रभावित होंगे।



**लोगों से अलर्ट रहने की अपील**

जानकारी के अनुसार किरतपुर प्रखंड के सहरसा सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित कोसी नदी की उपधारा का बांध भूबोल के सामने टूट गया है। अधिकारी राजीव रोशन मौके पर अपनी टीम के साथ कैंप कर रहे हैं। कई अधिकारी मौके पर पहुंचकर राहत कार्यों में लगे हैं। लोगों को अलर्ट किया जा रहा है। ऊंचे स्थानों पर जाने की अपील की जा रही है। लोगों के बीच अपने आप को बचाने के लिए अफरा-तफरी का माहौल है।

बांध देर रात 12 बजाकर 45 मिनट में टूटा है। लगभग एक लाख की आबादी प्रभावित है। बांध टूटने से रसियारी, किरतपुर, बगरस, दोहथा, जमालपुर, झगरुवा, कुबोल, ढागा, तरवारा, तेतरी, अमृतनगर, पखारिया, सिरसिया, रही टोल खतवारा, वर्दीपुर सिरनिया, लक्ष्मीपुर, भंडरिया, कदवारा, कटरिया, राम खेतरिया सहित कई गांव मुख्य रूप से प्रभावित है।

### आंतरिक गुणों को पहचान चुनौतियों से निपटेंगी केजीबीवी की छात्राएं

**भागलपुर,एजेंसी।** बिहार शिक्षा परियोजना भागलपुर और वर्ल्ड बीइंग इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को जिला शिक्षा विभाग के सभागार में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) की वार्डन व लेखापाल को प्रशिक्षण दिया गया।

इस एक दिवसीय प्रशिक्षण का विषय भावनात्मक समुत्थान और युवा स्वास्थ्य रखा गया था। इस दौरान केजीबीवी में पढ़ रही छात्राओं के कौशल विकास पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (एसएसए) डॉ. जमाल मुस्तफा ने कहा कि यह कार्यक्रम वर्तमान परिप्रेक्ष्य में काफी प्रासांगिक है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की बच्चियां अपने आंतरिक गुणों को भी पहचानें इसके लिए हमें प्रयास करना होगा। छात्राओं को अपनी भावनाओं का प्रबंधन करना तथा जीवन में आने वाली चुनौतियों से निपटने के कौशल को भी बताना होगा, तभी उनका चहुंमुखी विकास हो पाएगा।

## 2025 से आईजीआईएमएस में हर विभाग की होगी अपनी इमरजेंसी




- कैंपस में बन रहे दो अस्पताल, चालू होने पर हो जाएंगे 3 हजार 233 बेड

**पटना,एजेंसी।** आईजीआईएमएस में अगले साल से हर विभाग की अपनी इमरजेंसी होगी। यह संभव होगा कैंपस में निर्माणाधीन 1200 बेड के अस्पताल के चालू होने पर। इसके बाद बेडों की क्षमता भी दोगुनी हो जाएगी। अभी यहां 1533 बेड हैं। मेडिकल कॉलेज के लिए कैंपस में बन रहा 500 बेड का अस्पताल इसी साल दिसंबर में चालू हो जाएगा। तब बेड बढ़कर 2033 हो जाएंगे। इसके बाद अगले साल 1200 बेड वाले अस्पताल के चालू होने के बाद बेडों की कुल संख्या 3233 हो जाएगी। अभी आईजीआईएमएस की इमरजेंसी में महज 70 बेड हैं। इसके कारण रोज 10 से अधिक मरीज लौटते हैं। जब 120 बेड की इमरजेंसी हो जाएगी, तो मरीजों को लौटाने की नौबत नहीं आएगी।

**वार्ड ब्लॉक में रहेंगे सुपर स्पेशियलिटी विभाग**

दूसरी ओर वार्ड ब्लॉक सुपर स्पेशियलिटी विभाग में तब्दील हो जाएगा। वार्ड ब्लॉक के हर फ्लोर पर 66 बेड की व्यवस्था है। यहां भी हर विभाग एक फ्लोर पर होगा।पुरानी इमरजेंसी सुपर स्पेशियलिटी विभागों के लिए रहेगी।

सुपर स्पेशियलिटी विभागों में कार्डियोलॉजी, कार्डियक सर्जरी, न्यूरो सर्जरी और मेडिसिन, गैस्ट्रो मेडिसिन और सर्जरी, यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, क्रिटिकल केयर मेडिसिन, रिप्रोडक्टिव मेडिसिन, किडनी और लिवर ट्रांसप्लांट आदि शामिल हैं।

### पर्यावरण मंत्री ने बागेश्वर बाबा को पहनाई मखाने की माला

**गया,एजेंसी।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का रविवार को बोधगया में दूसरा दिन था। यहां उन्होंने अपने भक्तों के पूर्वजों का पिंडदान करवाया साथ ही भागवत कथा सुनाई। इसी बीच उनसे मिलने प्रदेश के वन मंत्री डॉ.प्रेम कुमार पहुंचे। उन्होंने धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को मखाना की माला पहनाई। इसको लेकर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि बुरा मत मानना। हमारे यहां बुंदेलखंड में तो मरने पर मखाना की माला पहनाई जाती है। मरने वालों के ऊपर फेंका जाता है। तुमने तो जीते जी हमें पहना दी। हमने सोचा अब तो हो गया गुरु मेरा काम...चलो कोई बात नहीं।



## गया में 53 लाख कैश के साथ झारखंड का युवक गिरफ्तार

**कहां से लाया इतने रुपए? खंगाल रही पुलिस**

**गया,एजेंसी।** बिहार के गया जंक्शन और स्टेशन रोड स्थित एक होटल से भारी मात्रा में कैश के साथ झारखंड के युवक को गिरफ्तार किया गया है। रेल पुलिस ने रविवार को छापेमारी कर यह कार्रवा की। गिरफ्तार युवक की पहचान जमशेदपुर के सुमित कुमार अग्रवाल के रूप में की गयी है।

उसके पास से करीब 52 लाख 84 हजार रुपये बरामद किया है। पुलिस ने युवक सुमित अग्रवाल से पूछताछ कर रही है। रेल सूत्रों ने बताया कि गया जंक्शन पर पितृपक्ष मेले में सुरक्षा कड़ी कर दी गयी है।



ड्यूटी के दौरान आरपीएफ की टीम ने रविवार को एक संदिग्ध युवक को पकड़ा। छानबीन में उसके पास से 24 लाख रुपये बरामद किए गए। उसकी निशानदेही पर गया जंक्शन के पास स्टेशन रोड स्थित एक होटल में छापेमारी की गई। वहां से 28 लाख 84 हजार 300 रुपये बरामद किए गए। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। इतने सारे नगद के साथ गिरफ्तार किए गए युवक ने अपना नाम सुमित कुमार अग्रवाल (गांव-महोलिया, थाना गालूडीह, जिला-जमशेदपुर, झारखंड बताया। युवक ने बताया कि वह संजय भालोटीया जमशेदपुर जुगसलाई नया बाजार (झारखंड) के यहां 15 हजार 600 के महीने पर पिछले छह वर्ष से प्राइवेट नौकरी कर रहा है।

मालिक की छड़ की कंपनी है। मालिक के बताए अनुसार बिहार के गया, रोहतास और औरंगाबाद जिले में सप्लाई किए गए टीएमटी छड़ के रुपये वसूलने के लिए भेजा गया था। पुलिस उसके जवाब से संतुष्ट नहीं है। युवक से और भी पूछताछ की जा रही है।

इस बरामदगी और गिरफ्तारी के मामले में आरपीएफ के अधिकारी ने कहा कि इस मामले में आयकर विभाग पटना के निदेशक से संपर्क स्थापित किया गया। आयकर विभाग के पदाधिकारी आ रहे हैं। उनके स्तर भी कैश की जांच की जाएगी। पुलिस को गिरफ्तार युवक पर संदेह है। उसके कनेक्शन और नेटवर्क को पुलिस की ओर से खंगाला जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

# दुर्गापूजा समिति की बैठक में तैयारियों पर हुई चर्चा

**जंदाहा।** जंदाहा प्रखंड के बेदौलिया पोखर चौक स्थित दुर्गा मंदिर पूजा कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता पूजा कमेटी के अध्यक्ष भोला पाल उर्फ रामनरेश पाल एवं संचालन पूजा कमेटी के सचिव सतीश कुमार ने किया। बैठक में दुर्गा पूजा को लेकर सभी प्रकार की तैयारी पर गहन मंथन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूजा कमेटी के सभी सदस्य दुर्गा पूजा मेला में अपनी सतत निगरानी रखेंगे तथा आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए शांति एवं श्रद्धा पूर्ण दुर्गा पूजा मेला संपन्न कराने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। वही दुर्गा पूजा मेला के दौरान कमेटी के सदस्य किसी भी अफवाह पर अपनी पैनी नजर रखते हुए इसकी सूचना अविलंब स्थानीय प्रशासन को देंगे। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष रणजीत सिंह उर्फ पंजाब सिंह, सदस्य अरुण सिंह, विजय कुमार, शिवचंद्र साहनी, भोला पाल ,आमोद पासवान, अरुण पाल आदि मौजूद रहे।

# विद्यालय की चहारदीवारी नहीं होने से खतरे की आशंका



**जंदाहा।** जंदाहा प्रखंड के महिसौर पोखर के किनारे स्थित विद्यालय परिसर का चारदीवारी का निर्माण नहीं होने से विद्यालय के बच्चों को लेकर विद्यालय प्रबंधन एवं अभिभावकों को आशंका बनी रहती है। पोखर के किनारे स्थित जगमगाती बिल्डिंग माध्यमिक विद्यालय महिसौर है। इसके बगल में निर्माणाधीन उच्च माध्यमिक विद्यालय हैं। बताया जाता है कि माध्यमिक विद्यालय के स्थापित हुए 12 वर्ष बीत गए परंतु आज तक चहारदीवारी नही बन पाई है। जबकि विद्यालय जल से भरी बड़ी पोखर के किनारे अवस्थित है। इस विद्यालय से सटी हुई मध्य विद्यालय और प्राथमिक विद्यालय है। जिसके बच्चे पोखर के किनारे होते हुए स्कूल आते जाते है।कभी भी बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता।स्कूल के सामने की मैदान भी पोखर से लगा हुआ है। जिसमे गाय, भैस,बकरिया चरती रहती है। आज के इस दौर में जहां सरकार की परिकल्पना है कि सरकारी विद्यालय को प्राइवेट विद्यालय के समान बनाना है। यहां यह सफल साबित नहीं हो रही है तथा सरकारी उदासीनता का शिकार बनी है। माध्यमिक विद्यालय में लगभग तीन सौ और उच्च माध्यमिक विद्यालय में 133 विधार्थी है। उसके बावजूद न प्रयोगशाला है न पुस्तकालय। फिर कैसे सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की परिकल्पना करती है ये समझ से परे है।

# वैशाली में पेड़ से बांधकर युवक पर बरसाए डंडे, चारों ओर से घेरकर लाठी-डंडे से पीटा

**हाजीपुर।** वैशाली में एक युवक को पेड़ से बांधकर बुरी तरह से पीटा गया। इस पिटाई का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें ताड़ के पेड़ से बांध कर युवक को भीड़ लाठी-डंडे से पीटती नजर आ रही है। उसके हाथ बंधे हैं, फिर भी वो अपने को बचाने की कोशिश करता है। लोगों से छोड़ने की गुहार लगा रहा है, लेकिन भीड़ उसे घेरकर चारों तरफ से पीटती रहती है। पीटने के दौरान कई लोगों ने मोबाइल से घटना का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। घटना वैशाली और मुजफ्फरपुर जिले के बॉर्डर क्षेत्र की है। युवक की पहचान दीपक कुमार (30) पिता तिलकेश्वर ठाकुर के तौर पर हुई है। स्थानीय लोगों ने कहा कि मंसूरपुर प्रखंड के हलैया पंचायत में खाजे चांद छपरा चौक पर मस्जिद के पास बच्चा चोरी करने के आरोप में एक युवक पकड़ा गया था। वीडियो रविवार देर शाम का बताया जा रहा है। बच्चा चोर की अफवाह उड़ते ही बड़ी संख्या में लोग जुट गए। कोई लाठी-डंडे तो कोई पेड़ की टहनी से मारता दिखा। हालांकि पिटाई के दौरान युवक लोगों से छोड़ देने की गुहार लगाता रहा। इस बीच कुछ लोग बीच बचाव करते भी दिखें। इस बीच युवक की पिटाई की सूचना कुछ लोगों ने डायल 112 की टीम को दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को भीड़ से बचाकर अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज कराने के बाद पुलिस उसे मुजफ्फरपुर जिले के बरियारपुर थाना लेकर चली गई। जहां उससे पूछताछ की जा रही है। बरियारपुर थाना अध्यक्ष चांदनी कुमारी सांवरिया ने कहा कि युवक को शक के आधार पर लोगों ने पकड़ा था। इस दौरान लोगों ने उसकी पिटाई भी कर दी। घटना के बाद से किसी स्थानीय ने लिखित आवेदन अब तक नहीं दिया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। युवक के परिवार वालों को भी सूचना दे दी गई है।



# बिहार=बलात्कारी पोस्ट पर लालू यादव पर केस, मुजफ्फरपुर के वकील ने इसे बिहारियों का अपमान बताया

**मुजफ्फरपुर।** सोशल मीडिया एक्स पर 'बिहार = बलात्कार' लिखने के मामले में राजद सुप्रीमो लालू यादव पर केस दर्ज किया गया है। मुजफ्फरपुर कोर्ट में वकील सुधीर कुमार ओझा ने लालू के खिलाफ परिवाद दायर किया है। वकील सुधीर ओझा ने लालू पर बिहारियों की भावना को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया है। वकील ने कहा है कि 'बिहार मतलब बलात्कार लिखकर लालू ने राजनीतिक फायदा लेने की कोशिश की है। ये प्रदेश के अलावा यहां के लोगों के साथ खिलवाड़ है। राजद सुप्रीमो ने बिहारियों को बलात्कारी बताकर जानबूझकर यहां के लोगों को अपमानित करने का काम किया है।' वकील ने लालू के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। 24 अक्टूबर को इस मामले की सुनवाई होगी। दरअसल, दो दिन पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बिहार में हुए 20 बलात्कार की घटनाओं की सूची जारी की थी। तेजस्वी ने एक्स पर दुष्कर्म की घटनाओं का जिक्र करते हुए सरकार से जवाब मांगा था। तेजस्वी के ट्वीट को शेयर करते हुए लालू ने एक्स पर बिहार का मतलब बलात्कार बताया था। लालू ने एक बार नहीं बल्कि 32 बार एक्स अकाउंट पर 'बिहार=बलात्कार' लिखा था। उपेंद्र कुशवाहा ने लालू प्रसाद को जवाब देते हुए सोशल मीडिया पर लिखा- 'जिस बिहार ने आपको अपने पलकों पर बैठाया, इतना विश्वास व्यक्त किया...! आज उसी बिहार के लिए 32 बार "बिहार=बलात्कार" कहना बिहारी अस्मिता और बिहार के गौरवशाली इतिहास पर हमला नहीं है क्या ? किसी क्षेत्र में बलात्कार जैसे जघन्य अपराध होना, वहां के कुछ लोगों की आपराधिक मानसिकता का परिणाम है। इसके आधार पर पूरे प्रदेश का आपके द्वारा ऐसा नामकरण करना दुर्भाग्य की बात है। खास कर जिनके शासनकाल को बिहार और देशवासियों ने जंगलराज कहा है, उन्हें तो कोई नैतिक अधिकार है ही नहीं कुछ बोलने का। आज यदि अपराध की कोई छिटपुट घटनाएं होती हैं तो अविलंब गिरफ़्तारी और स्पीडी ट्रायल होता है।



### पटना में दशहरा से पहले मुख्य सचिव ने की बैठक, सिविल ड्रेस में भी तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी

# सभी जिलों के DM और SP को अलर्ट रहने का निर्देश

**एजेंसी, पटना।**



बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने पटना में 2024 में दशहरा जैसा हादसा ना हो, इसके लिए अहम बैठक की है। इसमें बिहार के सभी जिलों के DM और SP के साथ अन्य अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक की। इस दौरान बिहार के गृह प्रधान सचिव अरविंद चौधरी, DGP आलोक राज, पुलिस हेडक्वार्टर जितेंद्र गंगवार समेत पुलिस के आला अधिकारी मौजूद थे।

**एक घंटे से अधिक चली बैठकः** मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा की बैठक एक घंटे से भी अधिक चली है। मुख्य सचिव सभी DM और SP को भी विशेष अलर्ट रहने के लिए कहा है। सभी DM और SP को टास्क सौंप दिया है। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने भीड़-भाड़ वाले इलाकों में सादे लिबास में पुलिस फोर्स तैनात करने पर विशेष जोर दिया है। दशहरा के बाद मूर्ति विसर्जन के रूटों पर फोर्स तैनात किए जाने, नदी घाटों पर अतिरिक्त पुलिस बल को तैनात रखने समेत सेंसिटिव पॉइंट पर निगरानी रखने को कहा है।

**पटना दशहरा हादसे में 42 लोगों की हुई थी मौतः** साल 2014 के रावण वध कार्यक्रम खत्म होने के बाद भगदड़ मची थी। गांधी मैदान के इस भगदड़ में 42 लोगों की जान गई थी। 3 अक्टूबर 2014 की यह घटना है। वहीं इस घटना में 100 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। दरअसल रावण वध कार्यक्रम के बाद यह हादसा तब हुआ था, जब लोग अपने घर को जाने लगे। घटना की असल वजह गेट बंद होना था।

# ईंट कारोबारी का बेटा लापता, आक्रोशितों ने किया सड़क जाम

**एजेंसी, मुजफ्फरपुर।**



**मुजफ्फरपुर-पटना NH-28 पर आगजनी, अपराधी की गिरफ्तारी की मांग**

मुजफ्फरपुर के ईंट कारोबारी गोपाल कुमार सिंह के इकलौते बेटे नमन के सकुशल बरामदगी को लेकर आक्रोशितों ने सड़क जाम कर दिया। लोगों ने अरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।मुजफ्फरपुर-पटना एनएच-28 रामदयालु ओवर ब्रिज के समीप सड़क पर लोगों ने आगजनी की। रोड जाम के कारण राहगीर फंसे रहे। सड़क जाम की सूचना पर एसडीपीओ शहरी विनता सिन्हा दल बल के साथ मौके पर पहुंची। परिजनों और लोगों को समझा बूझकर कर सड़क जाम मुक्त करवाया। नमन की मां ने पुलिस पर कई आरोप लगाए।

**पुलिस की विशेष टीम करेगी मामले की जांचः** एसडीपीओ विनिता सिन्हा ने कहा कि मामले की जांच मुजफ्फरपुर पुलिस की विशेष टीम करेगी। टीम को जांच करने के लिए रवाना कर दिया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि 23 सितंबर को ईंट व्यवसायी गोपाल सिंह का इकलौता बेटा नमन अपने दोस्त और उसके परिवार के साथ मुंगेर गया था। उसके बाद से लापता है। नमन की कार मुंगेर के सुधि घाट से बरामद की गई। एक सप्ताह के बाद भी नमन की बरामदगी नहीं होने और आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने से स्थानीय लोग और परिजन आक्रोशित हो गए। ओवर ब्रिज के समीप सड़क पर टायर जला कर घंटों प्रदर्शन किया।

### दुर्गा पूजा पर छुट्टी बढ़ाने की मांग

# शिक्षक नेता बोले- 2 से 12 अक्टूबर तक मिले छुट्टी

**एजेंसी, पटना।**



बिहार के सरकारी स्कूलों में दुर्गा पूजा के दौरान छुट्टियां बढ़ाने की मांग पिछले कुछ दिनों से हो रही है। वहीं अब शिक्षकों ने यह ऐलान किया है कि दुर्गा पूजा के दौरान वह हाथों में काली पट्टी बांधकर स्कूल में विरोध प्रदर्शन करेंगे। बता दें कि शनिवार को केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भी X पर पोस्ट कर शिक्षकों की मांग का समर्थन किया था। उन्होंने लिखा था कि मैं सीएम से अनुरोध करता हूं कि दुर्गा पूजा को देखते हुए शिक्षकों को 2 से 12 अक्टूबर तक छुट्टी दी जाए। शिक्षक नेता अमित विक्रम ने कहा कि दुर्गा पूजा में पहले पहले दिन की पूजा से लेकर विसर्जन 10 से 11 दिन की छुट्टियां मिलती थी। पिछले साल शिक्षा विभाग के पूर्व अपर मुख्य सचिव केके पाठक की ओर से अवकाश तालिका में संशोधन कर दिया गया। जो अन्य विभागों के कर्मचारियों को छुट्टियां मिलती है। वही छुट्टियां स्कूलों में भी लागू कर दिया गया। किसी भी राज्य में सरकारी स्कूल की छुट्टियां पर्व त्यौहार के अनुसार ही तय होती है।

**मांग पूरी नहीं हुई तो करेंगे प्रदर्शनः** उन्होंने आगे कहा की बिहार और बंगाल में दुर्गा पूजा भव्य रूप से मनाया जाता है। इस दौरान कई शिक्षक भी उपवास पर रहते हैं। एक तो छुट्टी नहीं दी जा रही है ऊपर से जिलों की ओर से यह पाबंदी लगा दी गई है, CL और EL भी नहीं मिलेगा। पूरी तरीके से सरकार शिक्षकों का शोषण कर रही है।

# जो बहू का नहीं हुआ वो बिहार का क्या होगा

**♦ RJD बोली- पीके को पाल रही BJP**

### पोस्टर के जरिए जनसुराज का लालू पर तंज




**एजेंसी, पटना।**

पटना में इनकम टैक्स गोलंबर पर पोस्टर लगे हैं- 'जो बहू का नहीं हुआ वो बिहार का क्या होगा। बिहार तो अब जन सुराज का होगा'। ये पोस्टर जन सुराज की अपर्णा यादव ने लगवाए हैं। पोस्टर में जन सुराज से जुड़ने की अपील भी की गई है। इसमें किसी का नाम नहीं लिया गया। पोस्टर में 'बहू' को 'बहु' लिखा गया है, लेकिन माना जा रहा है कि बिना नाम लिए लालू परिवार पर तंज कसा गया है। लालू यादव के बड़े बेटे तेजप्रताप की शादी बिहार के पूर्व सीएम दरोगा प्रसाद की पोती ऐश्वर्या से हुई थी। दोनों के तलाक का केस कोर्ट में पेंडिंग है। बता दें कि जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर 2 अक्टूबर को अपनी पार्टी की घोषणा करने वाले हैं। उससे पहले पटना की सड़कों पर लगे इस पोस्टर ने खलबली मचा दी है। वहीं, राजद ने इसके पीछे BJP का हाथ बताया है। पार्टी प्रवक्ता का आरोप है कि बीजेपी प्रशांत किशोर को पाल रही है।

**यादव नेत्री ने लालू पर कसा तंजः** जन सुराज ने साफ-साफ नहीं लिखा है कि यह पोस्टर किस के लिए है, लेकिन राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि यह तंज लालू परिवार पर कसा गया है। बड़ी बात यह कि पोस्टर जारी करने के लिए जन सुराज ने एक यादव नेत्री को ही चुना। पोस्टर पर प्रशांत किशोर की भी तस्वीर है, लेकिन पोस्टर पर अर्पणा यादव की बड़ी तस्वीर है। साथ ही जन सुराज से जुड़ने के लिए 2 नंबर दिए गए हैं, जिस पर मिस्ड कॉल कर संगठन से जुड़ा जा सकता है।

**लालू और नीतीश पर हमलावर पीकेः** बीते दिनों से प्रशांत किशोर नीतीश कुमार और लालू पर हमलावर हैं। कल ही उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि ट्रिपल 'S' नीतीश कुमार की राजनीति को खत्म कर देंगे। ट्रिपल 'S' का मतलब है सर्वे, शराबबंदी और स्मार्ट मीटर। बिहार में लैंड सर्वे का काम शुरू है। हर अंचल में खतियान निकालने के लिए लोगों को घूस देना पड़ रहा है। शराबबंदी का भी यही हाल है। शराब माफिया करोड़ों का कारोबार कर रहे हैं और आम लोग जेल जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर के जरिए गरीबों का गला दबाया जा रहा है।' पूरी खबर पढ़ें।

**6 महीने भी नहीं चल पाई थी तेजप्रताप-ऐश्वर्या की शादीः** आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेजप्रताप और ऐश्वर्या की शादी 12 मई 2018 को हुई थी। शादी के 175वें दिन ही तेज प्रताप यादव ने पटना सिविल कोर्ट स्थित परिवार न्यायालय में तलाक की अर्जी दी थी। तब से ये मामला चल रहा है।

# स्मार्ट बिजली मीटर के खिलाफ आज से कांग्रेस का आंदोलन, सभी जिलों के लिए बनाए गए पर्यवेक्षक

**प्रदेश अध्यक्ष ने मीडिया से मुखातिब होने का निर्देश दिया**

**एजेंसी, पटना।**



कांग्रेस राज्य भर में स्मार्ट बिजली मीटर के खिलाफ अपने आंदोलन की शुरुआत आज सोमवार से करने जा रही है। प्रदेश के सभी जिलों में जिला संयोजकों द्वारा मीटर योजना के खिलाफ प्रेस कांफ्रेस का आयोजन है। इसके बाद 2 से 7 अक्टूबर तक प्रदेश के सभी जिलों में स्मार्ट बिजली मीटर के खिलाफ जागरुकता आंदोलन चलाया जाएगा। जागरुकता आंदोलन नीतीश कुमार के गृह जिला नालंदा से शुरू होगा।

**पर्यवेक्षक बनाए गएः** इस आंदोलन को धारदार बनाने के लिए कांग्रेस ने प्रदेश के सभी जिलों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। राज्य के सभी जिलों में नियुक्त पर्यवेक्षकों को जिलाध्यक्ष के साथ जिला मुख्यालय पर मीडिया से मुखातिब होने का निर्देश प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने जारी किया है। नालंदा में पूर्व एमएलए को पर्यवेक्षक बनाया गया है। पटना टाउन में मिथिलेश शर्मा मधुकर को, पटना रूरल वन में आशुतोष शर्मा और पटना रूरल टू में कौकब कादरी को पर्यवेक्षक बनाया गया है।

**प्रेस कांफ्रेस कर रखेंगे बातः** बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि प्रदेश प्रभारी मोहन प्रकाश और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने हाल में पटना सदाकत आश्रम से यह ऐलान किया था कि सेवा दल द्वारा जारी इस आंदोलन को वो चरणबद्ध तरीके से प्रत्येक जिलों में ले जाएंगे उसी के तहत सभी जिलों में प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। उन्हें संबंधित जिलाध्यक्षों के साथ प्रेस कांफ्रेस कर जनता के हितों को ध्यान में रखकर संबोधित करने को कहा गया है।

# कोसी में बाढ़ पीड़ितों के बीच रात बिताएंगे चिराग पासवान

**एजेंसी, पटना।**



**कहा- विपक्ष को बाढ़ पर बोलने का अधिकार नहीं, आपदा के समय उनके नेता देश से बाहर हैं**

केंद्रीय मंत्री और लोजपा(रा.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान बाढ़ पीड़ितों के बीच रात बिताएंगे। इस दौरान वे कोसी के अलग-अलग इलाकों में जाएंगे और बाढ़ पीड़ितों से मिलेंगे। पटना में पार्टी के एससी-एसटी प्रकोष्ठ की तरफ से आयोजित समारोह में शामिल होने के बाद चिराग पासवान ने कहा कि आज की रात वे खुद कोसी में बिताएंगे। वे विस्थापितों के कैंप में जाएंगे, उनकी परेशानी जानेंगे। इसका जायजा लेकर वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस संबंध में रिपोर्ट सब्मिट करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बिहार में बाढ़ की मॉनिटिरिंग राज्य के साथ केंद्र की सरकार भी कर रही है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने खुद इसकी समीक्षा की है। विपक्ष की तरफ से बिहार में बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित किए जाने की मांग पर कहा कि विपक्ष के नेता को पहले जमीन पर जाना चाहिए। राज्य में बाढ़ आया हुआ है और इनके नेता यहां हैं ही नहीं, वे देश से बाहर हैं। केंद्र और राज्य सरकार जल्द से जल्द राहत देने की कोशिश में जुटी हुई है।

**पीएम पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का बयान आपत्तिजनकः** वहीं, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान को केंद्रीय मंत्री ने आपत्तिजनक बताया है। चिराग पासवान ने कहा कि इतनी कटुता कहां से आ जाती है। सिर्फ एक चुनाव के लिए आप ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करने लग जाते हैं। नीतियों पर सवाल करना चाहिए। व्यक्तिगत टिप्पणी करते हैं तो दुख होता है। नई पीढ़ी को क्या सीख देना चाहते हैं कि व्यक्तिगत टिप्पणी करें। ये सोच गलत है। दरअसल, जम्मू-कश्मीर में एक चुनावी रैली के दौरान मल्लिकार्जुन खरगे की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। इसके कुछ देर बाद उन्होंने कहा था कि उन्हें कुछ नहीं होगा। जब तक वे पीएम नरेंद्र मोदी को कुर्सी से नहीं हटा देते हैं उन्हें कुछ नहीं होगा।

**पशुपति के सवाल पर कहा, उन्हें लड़ने दीजिएः** चाचा पशुपति पारस की तरफ से राज्य की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने के सवाल पर चिराग पासवान ने कहा कि ठीक है उन्हें लड़ने दीजिए सभी सीटों पर चुनाव। इसके आगे उन्होंने कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया। रविवार पशुपति पारस ने कहा था अगर विधानसभा चुनाव में RLJP को उचित सम्मान नहीं मिला तो राज्य की सभी 243 सीटों पर हमारी पार्टी चुनाव लड़ेगी। इसके अलावा झारखंड में भी 1 सीट की मांग की है।

**झारखंड में चुनाव लड़ने पर अभी निर्णय नहीं:** झारखंड में गठबंधन के तहत चुनाव लड़ने के सवाल पर चिराग पासवान ने कहा कि ये अभी तय नहीं हुआ है। झारखंड में चुनाव का नोटिफिकेशन होने तक ये तय किया जाएगा कि वहां गठबंधन के तहत चुनाव लड़ना है या अकेले। ये राज्य कमेटी को तय करना है। कमेटी की तरफ से अगर संसदीय बोर्ड को सुझाव आता है इसके बाद आगे का निर्णय लिया जाएगा।

# बिहार में 20 साल से नीतीश कुमार की सरकार

**एजेंसी, पटना।**



**♦ आरजेडी बोली- बाढ़ से लोगों को बचाने के लिए कुछ नहीं किया, हाई डैम से ही तबाही खत्म होगी**

बिहार में बाढ़ को लेकर आरजेडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने कहा कि 20 साल से नीतीश कुमार की सरकार है। इसके बाद भी बाढ़ से लोगों को बचाने के लिए उन्होंने कोई उपाय नहीं किया। अगर राज्य को बाढ़ से बचाना है तो नेपाल से निकलने वाली नदियों पर डैम बनाना जरूरी है। हाई डैम से ही बाढ़ को रोका जा सकता है और लोगों का बचाव किया जा सकता है। ये हाई डैम नेपाल और भारत के सहयोग से ही बन सकता है। नहीं तो आपदा राहत का काम ही चलाया जा सकता है।

**नीतीश कुमार ने इस योजना को ठंडे बस्ते में डाल दियाः** जगदानंद सिंह ने आगे कहा कि आरजेडी शासनकाल में मैं राज्य का जल संसाधन मंत्री थी। 2004 में हमलोगों ने नेपाल में डैम बनाने की पहल की थी। केंद्र से आग्रह पर नेपाल सरकार से बात भी हुई थी, लेकिन 2005 से बिहार में नीतीश कुमार की सरकार है। उस बात को नीतीश कुमार ने ठंडे बस्ते में डाल दिया। लालू प्रसाद यादव जब केंद्र में मंत्री थे, तब बिहार की भलाई के लिए कई योजनाएं बनाई गई थीं। नीतीश कुमार जब केंद्र में मंत्री थे, तब बिहार को तबाह करने की योजना बनाते थे।

# सीतामढ़ी में 22 साल बाद बागमती उफान पर

**एजेंसी, पटना।**



नेपाल में हुई बारिश के बाद बिहार के 12 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। दरभंगा, सीतामढ़ी, बेतिया, बगहा में हालत सबसे बुरे हैं। बीते 24 घंटे में प्रदेश के 7 तटबंध टूटे हैं, जिससे 3.5 लाख आबादी प्रभावित हुई है। दरभंगा में देर रात 12:45 बजे किरतपुर प्रखंड के सहरसा सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित कोसी नदी का बांध भूबोल के सामने टूट गया है। यहां बांध टूटने से एक लाख की आबादी प्रभावित हुई है। सीतामढ़ी में 22 साल बाद बागमती नदी का रौद्र रूप देखने को मिल रहा है। जिसकी वजह से जिले के तीन जगहों पर बांध टूट गया है। वहीं, शिवहर में भी एक जगह पर बांध टूटा है। बांध टूटने के बाद 10 पंचायत के 30 गांवों में संकट का बादल छा गया है। दूसरी ओर, सुपौल, बगहा, बेतिया, सहरसा, गोपालगंज में भी बाढ़ से सैंकड़ों घर डूबे हैं। सुपौल में लोग अपना छोड़कर दूसरी जगह रहने को मजबूर हैं। उधर, रक्सौल-सीतामढ़ी रेल रूट के गुरहनवा हाल्ट पर बाढ़ पीड़ित किसी तरह अपना गुजर बसर कर रहे हैं। बेतिया में लोग दिन और रात घर की छतों पर रहने को मजबूर हैं। वहीं, बगहा के कई गांव और खेत बाढ़ के पानी में डूबे हैं।

बाढ़ से कई जिलों में हालात और भी गंभीर हो सकते हैं, क्योंकि नेपाल की ओर से छोड़ा गया पानी बिहार के मैदानी इलाकों में फैलने की संभावना बढ़ गई है। बाढ़ की स्थिति को देखते हुए SDRF की 22 टीम लोगों की रेस्क्यू में जुटी है। NDRF की 3-3 टीमें रांची और वाराणसी से बुलाई गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### चंपारण तटबंध टूटने के मामले में कार्यपालक अभियंता निलंबित

**चाणक्य भूमि के खबर का असर**

**चाणक्य भूमि बगहा।** रविवार को करीब चार बजे प्रखंड बगहा एक के सिंगारी पिपरिया पंचायत के खैरतवा टोल के दरोगा चौक समीप चंपारण तटबंध ध्वस्त हो गया था जिससे प्रखंड के दर्जनों गांव में गंडक नदी का पानी भर गया। जिसे बाढ़ की स्थिति बन गई थी इस मामले में जल संसाधन विभाग में बाढ़ प्रमंडल बगहा के कार्यपालक अभियंता निशिकांत कुमार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है निशिकांत पर तटबंध की सुरक्षा में लापरवाही बरतने एवं जिला प्रशासन से उचित समन्वय न रखने का आरोप लगा है। खासकर जब गंडक बैराज से लगभग 5 लाख 71 हजार पानी छोड़ा गया था इस दौरान सभी अभियंताओं को तटबंधों की सुरक्षा मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया था इसके बावजूद तटबंध ध्वस्त होने से बाढ़ की गंभीर स्थिति पैदा हो गई थी। इसके साथ ही जल संसाधन विभाग ने मनीष कुमार को नए कार्यपालक अभियंता के रूप में नियुक्त किया है फिलहाल उनके देखरेख में क्षतिग्रस्त तटबंध की मरम्मती का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है अभियंताओं की टीम मौके पर पहुंचकर लगातार दिन रात मरम्मती का कार्य कर रही है क्षेत्र में स्थिति गंभीर बनी हुई है लेकिन प्रशासन और अभियंताओं की टीम बाढ़ प्रभावित गांव की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास कर रही है सबसे ज्यादा प्रभाव फसलों पर पड़ा है बांध टूटने के कारण हजारों एकड़ में लगी फसल डूब गई है। बताते चले की चंपारण तटबंध जो बेतिया से लेकर चखनी गांव तक फैला हुआ है जो रविवार को ध्वस्त हो गया जिससे चार पंचायत के साथ लगभग दो दर्जन गांव बाढ़ के गंभीर खतरे की चपेट में आ गए थे। तटबंध टूटने के कारण आसपास के क्षेत्र में पानी का तेज प्रभाव हो गया जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। तटबंध ध्वस्त होने के साथ ही प्रशासन ने तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया था सबसे ज्यादा खतरा उन गांव पर है जो सीधे नदी के किनारे स्थित है ग्रामीणों को अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए कहा गया था। फिलहाल इस मार्ग से आवागमन अभी बाधित है।

### देशी शराब संग दो धंधेबाज गिरफ्तार

**चा० भूमि,नानोसती।** समकालीन अभियान के दौरान पुलिस ने मडुआहा गांव से आठ लीटर देशी शराब के साथ दो शराब धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों धंधेबाज बलुआ टोला थाना यादों पुर के संजय नट और मडुआहां के अर्जुन नट बताये गये। प्रभारी थानाध्यक्ष बब्लू यादव ने बताया कि पुछताछ के बाद पुलिस मामले में कांड अंकित कर दोनों धंधेबाजों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के 25वीं कार्यकारिणी नौवी बैठक आयोजित



**चा०भूमि, मोतिहारी।** चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के 25वीं कार्यकारिणी नौवी बैठक होटल एलिचको के सभागार में चेंबर अध्यक्ष राजीव विजडम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। सभा की शुरूवात महासचिव सुनील कुमार श्रीवास्तव ने गत बैठक के कार्यवाही की रिपोर्ट और गतिविधियों की रिपोर्ट सभा के समक्ष रखी।आय-व्यय की रिपोर्ट कोषाध्यक्ष तारकेश्वर नाथ केडिया ने रखा, अध्यक्ष राजीव विजडम के द्वारा आगामी 9 नवम्बर को अपने क्षेत्रीय चैंबर के साथ बैठक तथा पुलिस व्यवसाई संवाद कराने का प्रस्ताव रखा जिसका समर्थन संयोजक मनीष कुमार,अनुपम जायसवाल तथा रविकृष्ण लोहिया ने समर्थन किया.वर्ष भर के कार्यक्रमों की रूपरेखा समस्त विभाग के कार्य की समीक्षा और कार्य प्रगति पे चर्चा किया गया, अध्यक्ष राजीव विजडम ने कहा कि व्यावसायिक हित में मोतिहारी चैंबर सदैव तत्पर है और व्यावसायिक हित के कार्य पूरे जोर-शोर से किए जाएंगे। बैठक में उपाध्यक्ष हेमन्त कुमार कार्यकारिणी सदस्य अभिमन्यु, विक्रांत, श्याम, सत्यव्रत जायसवाल उपस्थित रहे। सभा का धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष अरविन्द श्रॉफ के द्वारा किया गया तथा राष्ट्रगान के साथ सभा समाप्ति की घोषणा किया गया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी सह सचिव आलोक कुमार ने दिया।

### सीओ ने मेघुआ पंचायत के विघालयों की जांच में मिली भारी अनियमितता

**चा०भूमि, तेतरिया ।** अंचलाधिकारी साक्षी कुमारी ने सोमवार को तेतरिया प्रखंड के मेघुआ पंचायत के सभी प्राथमिक, मध्य विधालय की जांच किया। जांच के बाद सीओ साक्षी कुमारी ने बताया कि मेघुआ उत्क्रमित मध्य विद्यालय में नामांकित 550 छात्रों का है। जबकि उपस्थित 130 ही था। हाजरी 400 सौ छात्रों का बनाया हुआ पाया गया। उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सगहरी में एक माह से वर्ग 10,11,12 का क्लास नहीं चलाये जाने का मामला उजागर हुआ। नवसृजित प्राथमिक विद्यालय हसनपुर में शौचालय,चापाकल, किचेन शेड नहीं था। छात्रों को भी सही ढंग से नहीं पढ़ाने का शिकायत छात्रों ने किया।सीओ ने बताया कि रिपोर्ट जिला को भेजा जा रहा है।

# योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के आधा दर्जन पंचायतो में बाढ़ का पानी घुसा

चाणक्य भूमि योगापट्टी



**योगापट्टी।** योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक पंचायतो के गाँवो में लगातार तीन दिनों से हों रहे वर्षा और बाल्मीकि नगर वैराज से छोड़े गये पानी के कारण आया बाढ़ का पानी घरो में घुसा और लोग हुए परेशान आवा गमन हुआ बाधित |बलुआ भवानीपुर, चौमुखा, जरलपुर खुटवनिया, सिसवा मंगलपुर, नवलपुर, ढ़ड़वा भवानीपुर और भवानीपुर पंचायतो के गाँवो में बाढ़ का पानी घुसा हैं यहां के लोग बाढ़ की मार बार -बार सह रहे अबकी बार पानी इतना ज्यादा हैं की निचले इलाको से होकर उची जगहों पर बाढ़ का पानी चढ़ गया हैं | वहीं बलुआ भवानीपुर पंचायत के वार्ड नंबर 6,8,11,12,13,14,15,और 16 पूरी तरह बाढ़ से प्रभावित हैं इसी प्रकार सभी पंचायतो के गाँवो में बाढ़ का पानी भरा हुआ हैं लोगो का आवा गमन और जन जीवन व्यस्त हों गया हैं | कवलापुर निवासी पूर्व मुखिया पति मनोज राम, पूर्व मुखिया पुत्र प्रेम चौधरी, वार्ड सदस्य राजू मुखिया, वार्ड सदस्य पति अलियास अंसारी, उप मुखिया प्रेमचंद कुशवाहा और वर्तमान मुखिया पति भोला राम ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे पंचायत में बाढ़ आने से फसलों का बहुत क्षति हुआ हैं ज्यादातर फसले बाढ़ का पानी घुसने से डूब चुकी हैं फसले,पशुओं एवं जन जीवन प्रभावित हैं हमने इसकी सुचना वरीये पदाधिकारिओ को दे दिए हैं |इसी प्रकार सभी पंचायतो के जन प्रतिनिधियों ने बताया और कहा कि उनके भी पंचायतो के सभी गांव बाढ़ में डूब चुके हैं | चौमुखा पंचायत के मुखिया मुकेंद्र यादव ने बताया कि हमारे पंचायत के सभी इलाको में बाढ़ से भारी मात्रा में क्षति हुआ हैं कितने जगह तो पानी के बहाव के चलते रोड भी क्षतिग्रस्त हुए हैं जिसके चलते ग्रामीणों का आवा गमन बाधित हों गया |उन्होंने यह भी कहा कि इसकी सुचना मैने आला अधिकारियो से कि हैं |और ग्रामीण लोगो ने बताया कि घरो में बाढ़ का पानी घुसने से हम लोगो को डर बना रहता हैं की पानी के दबाव से हमारा घर न गिर जाये जिसके चलते हमारी रातो की नींदे और दिन चैन खो गया हैं इसी क्रम में कहा कि नीमूइया पंचायत के लखनी चवर से होते हुए प्रखंड के निचले एवं पूरा दियरा क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित हैं उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को इसके लिए उचित कदम उठाना चाहिए किसानो की फसलों की क्षति एवं कटाव को समय रहते ही रोका जा सके वही|दूरभाष के माध्यम से पता चला कि प्रखंड विकास पदाधिकारी शशिभूषण कुमार ने बाढ़ प्रवाहित क्षेत्रो का निरक्षण किया |है और बाढ़ से प्रभावित ग्रामीण रामाकांत यादव सदई यादव गामा यादव हरिंदर यादव साधु यादव बुनिलाल यादव छोटा यादव बिरझन यादव प्रभु यादव सुनील यादव किशोर यादव रोहित यादव अमर यादव मोहन यादव और भी बहुत से ग्रामीण बाढ़ से प्रभावित है वहीं प्रभु यादव का घर गिर गया है।

### सौहार्द वह शांतिपूर्ण माहौल में दुर्गा पूजा मनाने का लिया गया निर्णय



चा ० भूमि,मैनाटाड़

पुरूषोत्तमपुर थाना परिसर में थाना क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिक , सामाजिक ,व पूजा समिति तथा जनप्रतिनिधियों के बीच दशहरा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई । मौके पर थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा कि दुर्गा पूजा सामाजिक समरसता और भाईचारगी माहौल का पर्व. है। ऐसे में आप सभी लोग दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण माहौल में मनाये। थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी पूजा समिति के अध्यक्ष और सचिव को अपना अपना आवेदन पत्र लिखकर लाइसेंस लेना अति आवश्यक है । पंडाल में डीजे बजाने पर पूरा प्रतिबंध रहेगा । प्रशासन के साथ नहीं चलने वाले समितियों के ऊपर कानूनी कार्यवाही तय है । वही शांति समिति में बैठे सभी सदस्यों से अनुरोध किया गया कि दशहरा पर्व में शांति सौहार्द बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं । इस संदर्भ में गड़बड़ी फैलाने वाले ब्यक्तियों के नाम थाना के मोबाइल नम्बर पर फोन कर सूचना दें । फोन करने वाले ब्यक्ति का नाम गुप्त रखा जायेगा ।मौके पर प्रदीप पटेल, सरपंच शेख चांद,शेख जहांगीर आदि मौजूद रहें।

# प्री पेड स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने निकाली पद यात्रा

**चरखा पार्क से बंजरिया पंडाल तक निकाली गईं पदयात्रा**

चाणक्य भूमि मोतिहारी

» अडानी अंबानी के माध्यम से बिहार के गरीब जनता का शोषण करा रही डबल इंजन सरकार- जिलाध्यक्ष ई 0 शशिभूषण राय उर्फ गप्पु राय



जिला कांग्रेस कमिटी पूर्वी चंपारण द्वारा चरखा पार्क से बंजरिया पंडाल तक प्री पेड स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में पदयात्रा कर विरोध किया गया साथ ही जिला अध्यक्ष ई ० शशि भूषण राय उर्फ गप्पु राय द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इसके सुगम संचालन एवं पर्यवेक्षण हेतु बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मधुरेन्द्र सिंह जी को प्रतिनियुक्त कर जिला में भेजा प्रेसवार्ता में ई ० शशि भूषण राय उर्फ गप्पु राय ने मिडिया को संबोधित करते हुए बताया की डबल इंजन सरकार के द्वारा स्मार्ट मीटर में अडानी अंबानी के माध्यम से बिहार के गरीब जनता का शोषण करा रही है इसके लिए कांग्रेस 19 सितंबर से न्याय यात्रा प्रारंभ किया गया है। जैसा कि आपको मालूम है कि बिहार में मोदी-नीतीश की सरकार, पुरे प्रदेश में पुराने बिजली के मीटर को हटा कर नया प्रीपेड मीटर "प्रीपेड स्मार्ट मीटर" के नाम से लगा रही है, पर इस प्रीपेड स्मार्ट मीटर में कई बड़ी खामियाँ हैं। प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने वाली एजेंसी और सरकार षड्यंत्र रच कर, आम जनता को लूटने का काम कर रही है और बिजली देने के बदले जबरन अधिक राशि वसूल रही है। चुकि ये प्रीपेड स्मार्ट मीटर है, इसलिए इसमें घर-घर जाकर बिजली का बिल देखने की व्यवस्था नहीं है। इसे केन्द्रीयकृत तरीके से संचालित किया जा रहा है और मनमाना ढंग से पैसे की वसूली की जा रही है। इस प्रिपेड व्यवस्था से उपभोक्ताओं को कई तरह कि कठिनईयों का सामना करना पर रहा है, वहीं इस व्यवस्था के जरिये पूरी तरह से, लूट-तंत्र का माहौल बन गया है। बिना सूचना दिये बिजली काट दिए जाने की घटनाएँ, आये दिन घट रही हैं, जो कि एक अमानवीय कृत्य है। आपको ज्ञात हो कि दुनिया में कोई भी सेवा प्रदाता, सेवा देने के उपरांत ही सेवा शूल्क का भुगतान मांगता है, फिर बिहार सरकार के बिजली विभाग को सेवा देने से पूर्व ही भुगतान क्यूँ चाहिए ? इसके पिछे डबल इंजन सरकार की मंशा सिर्फ यही है कि यदि पैसा पहले ले लें और उसके बाद मनमाने ढंग से कटौती कर लें, तो जनता जाएगी कहाँ ? स्मार्ट मीटर में किस दर से बिजली की कटौती होती है इसका कोई लेखा-जोखा उपभोक्ताओं को नहीं मिल पाता है, मजबूरन बिहार के उपभोक्ता, मनमाने बिल का भुगतान करने को विवश हैं। स्मार्ट मीटर में अधिक बिल कटौती के लिए कोई समाधान सेल नहीं बनाया गया है और न ही इन समस्याओं को पारदर्शी तरीके से सुनने की कोई व्यवस्था भी की गई है। यह मोदी-नीतीश सरकार की भविष्य में बिहार की गरीब जनता से प्रतिवर्ष लगभग 10000 हजार करोड़ रुपए लुटने की योजना है, जो तीव्र गति से कार्यान्वित होती जा रही है। सरकार, सरकारी अधिकारी और अडानी जैसे स्मार्ट मीटर की एजेंसी के द्वारा मिलकर जनता के गाढ़ी कमाई को लूटने की योजना के तहत, जबरन जनता पर यह स्मार्ट मीटर योजना थोपना, सरकार के अधिनायकवाद एवं हिटलर शाही प्रवृत्ति को परिलक्षित करता है। माननीय उच्चतम न्यायालय के अनुसार बिजली उपभोक्ताओं के सहमति से ही, प्रीपेड स्मार्ट मीटर बिजली विभाग लगा सकती है, लेकिन बिहार में बिजली विभाग माननीय न्यायालय के आदेश को भी अनदेखा करते हुए, जबरदस्ती सभी घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा रही है। बिजली विभाग ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाना अब अनिवार्य कर दिया है, जो लोग नहीं लगाना चाहते हैं, उनके साथ जबरदस्ती की जा रही है और न लग पाने के क्रम में बिजली उपभोक्ताओं पर थाने में केस/शिकायत भी दर्ज करवा रही है। इन सभी समस्याओं का गंभीर संज्ञान लेते हुए, कांग्रेस पार्टी जनहित में इसका पूरजोर विरोध करती है तथा माँग करती है कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर को हटा कर पहले की तरह पोस्टपेड मीटर को ही सभी घरों में लगाया जाय। इस प्रीपेड स्मार्ट मीटर के खिलाफ, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी अभियान चला रही है तथा इसको और भी गतिशील बनाने के लिए कांग्रेस पार्टी, दिनांक 30 सितम्बर 2024 से, पूरे प्रदेश में "प्रीपेड स्मार्ट मीटर हटाओ-जन जागरण अभियान" चलाने जा रही है और यह भी घोषणा करती है कि हमारी सरकार के बिहार में आते ही, प्रत्येक घर को 200 युनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। मौके पर शैलेंद्र कुमार शुक्ला, विजय शंकर पांडे, किरण कुशवाहा, अखिलेश्वर प्रसाद यादव उर्फ भाई जी, कुमकुम सिन्हा, मुन्नी साहनी, विजयकांत मणि त्रिपाठी, सत्येंद्र नाथ तिवारी, बिट्टू यादव, अजय कुमार झा, चुम्मन जायसवाल, साबिर अंसारी, संजीव कुमार सिंह उर्फ टुनी सिंह, उमाशंकर यादव, अमरेंद्र कुमार सिंह, आबिद हुसैन, खलेलू रहमान आबिद हुसैन मुखिया, राजकुमार अंजुमन, अरुण प्रकाश पांडे, विंध्याचल यादव, इकबाल जफर, राजकुमार यादव, सुमित्रा कुमारी यादव, रमेश कुमार श्रीवास्तव, मोहम्मद फैयाजुद्दीन, रंजन शर्मा, रणजीत पांडे, बृजमोहन सिंह, अफरोज आलम, मोहम्मद तमन्ना, भैरव लाल कुमार, सुरेंद्र पटेल, परशुराम पांडे, नंदकुमार चौबे, ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव उर्फ मुन्ना, नीतू श्रीवास्तव, सुमित्रा देवी, कौसर इमाम, सदरे आलम, मदन सिंह, मनीष तिवारी, आर के भास्कर आदि लोग उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्ति पर सम्मानित हुए वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक

चा०भूमि,मझौलिया



प्रतीक चिन्ह भेंट करते यूनिट हेड

» मझौलिया शुगर मिल के सभागार में बिदाई समारोह का आयोजन
» अंग वस्त्र और बुके भेंट कर सुधीर सिंह को किया गया सम्मानित
» उत्कृष्ट कार्यो की पर हुई चर्चा

**मझौलिया**।सोमवार के अपराहन मझौलिया शुगर इंडस्ट्रीज के सभागार में आयोजित विदाई समारोह में सेवानिब्रति पर वरीय केन मैनेजर सुधीर कुमार सिंह को सम्मानित किया गया।उन्हें अंगवस्त्र ,गीता और बुके भेंट कर सम्मानित किया गया।विदाई समारोह की अध्यक्षता शुगर इंडस्ट्रीज के यूनिट हेड डॉ जयप्रकाश त्रिपाठी ने की।उन्होंने कहा कि गन्ना विकास की प्रगति में सुधीर सिंह के उत्कृष्ट कार्यो को भुलाया नही जा सकता है।किसानों से इनकी बड़ी आत्मीयता थी।विपरीत परिस्थितियों में भी श्री सिंह कभी बिचलित नही हुए।अपने बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए चीनी मिल में एक लंबे अवधि तक अपनी सेवायें दी ।सेवानिवृत्त अधिकारी सुधीर कुमार सिंह ने अपने उदबोधन में सबका आभार व्यक्त किया, और गन्ना विभाग के कर्मियों से ईमानदारी और मेहनत के साथ काम करने की नसीहत दी।इस मौके जीएम कमर्शियल यू एन राय, जीएम परचेज ए पी सिंह, एजीएम एच आर रामाकांत मिश्रा, डिप्टी जीएम एकाउंट्स विजय आनंद, एजीएम आईटी प्रभास कुमार,चीफ केन मैनेजर अखिलेश कुमार सिंह, वरीय केन मैनजर संतोष मिश्रा, संजय कुमार मिश्रा, मैनेजर फार्म्स राज आनंद प्रसाद, मैनेजर इंस्ट्रूमेंट के .के ठाकुर ,ऑफिसर टाइम आफिस सत्येंद्र श्रीवास्तव समेत भारी संख्या में गन्ना बिभाग के कर्मी शामिल रहे।

### दुर्गा पूजा को लेकर मटियरिया थाना में शांति समिति की बैठक सम्पन्न



चाणक्य भूमि गौनाहा

» डीजे पर पूर्णतः रहेगा प्रतिबंध व असामाजिक तत्वों पर रहेगी पैनी नजर

**गौनाहा।** सोमवार को मटियरिया थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी विवेक कुमार सिंह ने दुर्गा पूजा समारोह का आयोजन शांतिपूर्ण तरीके से भक्ति भावना से करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान पंडाल में किसी प्रकार का डीजे बजाने पर पूर्णरुप से प्रतिबंध रहेगा पूजा समिति का भी यह जिम्मेदारी रहेगी कि पूजा पंडाल में किसी प्रकार का हुडदंग नहीं हो । तथा प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार ही दुर्गा पूजा समारोह आयोजित किया जाये। धार्मिक भावना से ऊपर उठकर पूजा याचना करने की जरूरत है। नशा मुक्ति का पालन करना है। मौके पर थानाध्यक्ष अंकित कुमार, एस आई रामदेव सिंह , एएस आई दीपक राम आरो दीपक राम पंचायत के मुखिया शहर चौधरी, पूर्व मुखिया जितेंद्र चौधरी, पूर्व वार्ड सदस्य प्रमोद कुमार ओजेन्द्र कुमार, बीडीसी खुर्शीद आलम आदि जनप्रितिनिधि व गणमान्य लोग उपस्थित थे ।

### दुर्गा पूजा को लेकर नगर थाना में आज होगा शांति समिति की बैठक

चाणक्य भूमि बगहा

**बगहा।** दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में है इसको शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराया जाए। जिसको लेकर एसडीएम गौरव कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक किया जा चुका है। बैठक में सभी पूजा समिति के अध्यक्ष को शांतिपूर्ण माहौल में दुर्गा पूजा को मनाने को कहा। अब मंगलवार को दुर्गा पूजा को लेकर नगर थाना में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा इसकी जानकारी देते हुए नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष एवं सचिव को साथ गणमान्य लोगों को इस बैठक में बुलाया गया है यह बैठक नगर थाना परिसर में चार बजे से किया जायेगा। जिसमें नजदीकी दुर्गा पूजा समिति के सभी सदस्यों को बैठक में आमंत्रित किया है।

# दुर्गा0पूजा के लिये लाइसेंस जरूरी:एसएचओ मझौलिया

चा ० भूमि (मझौलिया)



**मझौलिया।** दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए सोमवार को थाना परिसर में शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। अध्यक्षता इंसपेक्टर सह थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने की।उन्होंने बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों,ग्रामीण एवं पूजा समिति के सदस्यों से शांतिपूर्ण ढंग से दुर्गा पूजा मनाने के लिए प्रशासन को सहयोग करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि डीजे पर पूर्ण रुप प्रतिबंध रहेगा।दशहरा में मेला एवं मूर्ति रखने वाले समिति को लाइसेंस लेना अनिवार्य है।बिना लाइसेंस कें पूजा करने पर कार्रवाई की जायेगी।उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के सभी पूजा पंडालों उसके आसपास प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी।असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के लिए प्रशासन के लोग सादे लिबास में तैनात किया जाएगा।मौके पर अंचलाधिकारी राजीव रंजन कुमार,अपर थानाध्यक्ष मनिन्दर कुमार सिंह,एस आई भुपेश कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं प्रखंड के जनप्रतिनिधि एवं पूजा समिति सदस्य उपस्थित रहे।

# नगर निगम कि सफाई व्यवस्था की सच्चाई की आँखों देखी

चाणक्य भूमि बेतिया




» लालबाजार के जोड़ा शिवालय से राजदेवड़ी में जाने वाले मार्ग में जल जमाव के कारण लोगों का राह चलना मुश्किल

जिला मुख्यालय बेतिया के राज देवड़ी की अपेक्षा नगर निगम प्रशासन द्वारा किया जा रहा हैं 1 जिसकी खोज खबर जिला प्रशासन द्वारा भी नहीं लिया जा रहा है 1 यह कोई आरोप नहीं हैं, बल्कि सच्चाई है 1 हाथ कंगन को आरसी क्या 1 वर्तमान में कोई भी बेतिया के राजदेवड़ी परिसर को देखकर अंदाजा लगा सकता है, कि जिले की इस ऐतिहासिक स्थल को किस प्रकार नगर निगम प्रशासन द्वारा उपेक्षा की गई है 1 बेतिया के लाल बाजार को हृदय स्थली कहा जाता है 1 दूर दराज के गांव के लोग से लेकर शहर के लोग खरीदारी करने से लेकर बेतिया राज शासन काल की दर्शनीय स्थल जोड़ा शिवालय में जाकर भूत भावन भोलेनाथ का दर्शन करते हैं 1 फिर वहां से राज देवड़ी में प्रवेश करने वाले द्वार से ऐतिहासिक राज देवड़ी परिसर में जाते हैं, और वहां बेतिया राज की अवशेष भवनों, नजर बाग, राज देवड़ी मेला परिसर, भवानी मंडप, राज कल का तोप आदि को देखते हैं और अपने जिले के प्राचीन इतिहास पर गर्व महसूस करते हैं 1 ऐसे स्थान को नगर निगम प्रशासन ने किस कदर उपेच्छा किया है देखा जा सकता है 1 लाल बाजार जोड़ा शिवालय के पश्चिम चाहर दिवारी से राज देवी में जाने वाले मार्ग में गंदे पानी के जमाव से आम लोगों में रोष है 1 इस कदर जल जमा हुआ है कि लोगों का आना-जाना मुश्किल है 1 प्रवेश द्वार से लेकर नजर बाग के पश्चिमी छोर तक 1 फीट से लेकर ढाई फीट तक नाली और बरसात का पानी लगा हुआ है 1 इस पानी के निकासी के लिए नगर प्रशासन में कहीं से भी तत्परता नहीं देखी जा रही है 1 वैसे तो उस नाली के क्षतिग्रस्त हो जाने से सालों भर थोड़ा बहुत पानी लगा ही रहता है 1 लेकिन पिछले दो दिन में हुई मूसलाधार बारिश ने उस स्थल पर तालाब का नजारा उत्पन्न कर दिया है, जिसे कोई भी देख सकता है 1 हद तो इस बात की भी है कि वहीं पर बेतिया राज व्यवस्थापक का भी आवास है 1 इसका भी ख्याल नगर निगम को नहीं रहा है की पश्चिमी चंपारण से लेकर पूर्वी चंपारण तक के लोग अपनी जरूरत से संबंधित अभिलेखों से संबंधित भी यहां आते रहते हैं 1 कितनी कठिनाइयों से गंदे पानी को हेलते झेलते हुए, राज व्यवस्थापक से मिलने जाते होंगे या राज कचहरी में जाते होंगे 1 यही नहीं बेला परिसर में एक पुराण शिव मंदिर हनुमान मंदिर भी है 1 जहां प्रतिदिन हज़ारों लोग पूजा पाठ एवं दर्शन के लिए जाते हैं 1 वह स्थल भी जल जमाव से ग्रसित है 1

राज कचहरी कैम्पस में ही पुराना टीवी टेलीकास्ट सेंटर के बगल में एक होटल संचालित है होटल का गंदा पानी प्रतिदिन इस प्रांगण में गिरता है 1 बिना किसी उचित जल निकासी के बिना एक होटल का संचालित होना भी नगर निगम की अनदेखी का ही नतीजा है और इसपर भी लगाम लगाने वाला कोई नहीं है 1 गौर करें तो जिला प्रशासन भी इस स्थल से कन्नी काटे हुए हैं 1 स्थानीय विधायक सांसद एवं संबंधित वार्ड पार्षद की भी इसमें दिलचस्पी नहीं है 1

# डीएम ने कम्युनिटी किचेन एवं कटाव स्थल का किया निरीक्षण

चा०भूमि

**» अधिकारियों को दिया आवश्यक दिशा-निर्देश**

**बेतिया।** जिले में नदियों के बढ़े जलस्तर से निपटने तथा प्रभावितों को तुरंत राहत मुहैया कराने को लेकर जिला प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। प्रभावितों के बीच खाना-पीना, मानव दवा, पशु दवा, पॉलीथिन शीट्स, सूखा राशन का वितरण कराया जा रहा है। बाढ़ से विस्थापित लोगों के लिए कम्युनिटी किचेन के माध्यम से राहत पहुँचाया जा रहा है। जिलाधिकारी स्वयं लगातार पल-पल की गतिविधि पर नजर रख रहे हैं तथा कटाव स्थल, प्रभावितों के बीच जाकर उन्हें और बेहतर सुविधा मुहैया कराने को लेकर अधिकारियों को निर्देशित कर रहे हैं।

इसी कड़ी में आज जिलाधिकारी, सिकटा प्रखंड अंतर्गत सिकटा गाँव के शुक्ल टोला पहुंचे। यहाँ आंगनबाड़ी केंद्र में संचालित कम्युनिटी किचेन का निरीक्षण किया। यही पर प्रभावितों के लिए भोजन, पानी की व्यवस्था की गई है। साथ ही डॉक्टरों, नर्सेज की टीम द्वारा लोगों की स्वास्थ्य जाँच करते हुए उन्हें दवा भी दी जा रही है। बीमार पशुओं के ईलाज की भी व्यवस्था इसी सेंटर पर की गई है। इसके लिये पशु चिकित्सकों की टीम दवाओं के साथ अपनी ड्यूटी कर रहे हैं।



कम्युनिटी किचेन निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने बीडीओ एवं सीओ को निर्देश दिया कि कम्युनिटी किचेन का संचालन बेहतर तरीके से किया जाय। साफ सफाई का विशेष ख्याल रखा जाए। तले हुए भोजन नहीं दिए जाएं। आपदा प्रबंधन के मानक के अनुरूप सभी कार्रवाईयां की जाएं। प्रभावितों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाय।

इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने स्थानीय अधिकारियों को नियमानुकूल समस्या का समाधान कराने का निर्देश दिया।

इसके बाद जिलाधिकारी इसी प्रखंड के सिकटा-भेड़िहारी रोड में सेनुवारिया गाँव के समीप कटाव स्थल का जायजा लिया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष इसी स्थान पर कटाव का सामना करना पड़ता है। रास्ता अवरुद्ध हो जाता है। क्षेत्रीय लोगों को अत्यधिक परेशानी उठानी पड़ती है। इस पर जिलाधिकारी ने उपस्थित जल संसाधन विभाग के उपस्थित पदाधिकारी को निर्देश दिया कि उक्त कटाव स्थल पर सड़क को ऊँचा करने का प्रस्ताव तैयार करें। स्थाई समाधान की तैयारी की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क ऊँचा कराने को लेकर ग्रामीण कार्य विभाग से भी बात की जाएगी।



जिलाधिकारी द्वारा बगहा अनुममंडल के खैराटवा में टूटे चम्पारण तटबंध की मरम्मती कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित सहायक अभियंता, बाढ़ प्रमंडल, बगहा एवं संवेदक को द्रुत गति से कटाव की मरम्मती कराने का निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह, गौरव कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी, बगहा, अनुमंडल पदाधिकारी, नरकटियागंज, सूर्य प्रकाश गुप्ता, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, श सुजीत कुमार, श्रीमती एंजेलिक कृति, भूमि सुधार उप समाहर्ता, बगहा, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सिकटा, शअजित कुमार रौशन, अंचलाधिकारी, सिकटा, प्रिया आर्यनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# 05 अक्टूबर को जिलास्तरीय युवा उत्सव का होगा आयोजन

चा ० भूमि बेतिया

**बेतिया।** युवा उत्सव में शामिल होने वाले प्रतिभागी ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों मोड में कर सकते हैं आवेदन।

जिलास्तरीय युवा उत्सव-2024 (एक दिवसीय कार्यक्रम) आगामी 05 अक्टूबर 2024 को निर्धारित है। युवा उत्सव में नवोदित तथा गुमनाम कलाकारों को मंच प्रदान कर उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है। इस हेतु कला एवं संस्कृति युवा विभाग द्वारा तैयारी प्रारंभ कर दी गयी है।

जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय के मार्गदर्शन में युवा उत्सव की तैयारी जोरशोर से चल रही है। उक्त कार्यक्रम में भाग लेने हेतु प्रतिभागी को सरकार द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देश के अंतर्गत विहित प्रपत्र में आवेदन समर्पित करना होगा। 01अक्टूबर 2024 को विपिन उच्च विद्यालय, बेतिया में ऑडिशन का कार्य पूर्ण कराया जाना है। आवेदन ऑफलाइन तथा ऑनलाइन दोनों माध्यमों से किया जा सकता है।






# निजी स्वास्थ्य संस्थानों के स्वास्थ्यकर्मियों का परिवार नियोजन सेवाओं पर प्रशिक्षण

चा०भूमि बेतिया

**» स्वास्थ्य विभाग व सहयोगी संस्था पीएसआई इंडिया ने दिया प्रशिक्षण**

स्वास्थ्य विभाग संस्थागत प्रसव के बाद गुणवत्तापूर्ण परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का हरसम्भव प्रयास कर रही है इसी को लेकर विभाग द्वारा परिवार नियोजन के अस्थायी और स्थायी साधनों के प्रति जागरूकता लाने का काम किया जा रहा है। जिला में परिवार नियोजन कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के लिए सहयोगी संस्थाओं की भी मदद मिल रही है। इस क्रम में शहरी क्षेत्र के निजी स्वास्थ्य संस्थानों को चिन्हित करते हुए वहां के स्वास्थ्यकर्मियों का उन्मुखीकरण भी किया जा रहा है। इस क्रम में गुरुवार को शहर के यूनिवर्सल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर तथा गंगा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के चिकित्सकों मेडिकल एवं पारामेडिकल स्वास्थ्यकर्मियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया किया गया। परिवार नियोजन के क्षेत्र में काम करने वाली संस्था पीएसआई इंडिया द्वारा प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों को परिवार नियोजन, हेल्थ मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम पर ससमय रिपोर्टिंग,



संक्रमण से बचाव, प्रसव एवं प्रसव पूर्व जांच, काउसलिंग पर चर्चा की गईं। अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए क्षमतावर्धन किया गया।

**निजी स्वास्थ्य संस्थानों को भी किया गया शामिल**–डीपीएम स्वास्थ्य अमित अचल ने बताया कि परिवार नियोजन कार्यक्रम में निजी स्वास्थ्य संस्थानों को भी शामिल किया गया है ताकि परिवार नियोजन सेवाएं जैसे प्रसव अथवा गर्भपात के बाद बंध्याकरण अ थवा अस्थायी गर्भनिरोधक साधन जैसे कॉपर—टी या नॉन—हार्मोनल गर्भनिरोधक गोलियां आदि की सुविधा लाभार्थी को आसानी से उपलब्ध हो सके।पीएसआई इंडिया के कार्यक्रम प्रबन्धक प्रताप कोश्यारी ने स्वास्थ्यकर्मियों का उन्मुखीरकण करते हुए टीसीआई इंडिया कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्वास्थ्यकर्मियों को टीसीआई कार्यक्रम के तहत निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के क्षमतावर्धन के बारे में बताया। पीएसआई से आये स्पेशलिस्ट— प्रोग्राम इंप्लीमेंटेशन अकबर अली खान ने उन्मुखीकरण के दौरान परिवार नियोजन, डाटा रखरखाव, प्रसव के बाद परिवार नियोजन के साधनों के इस्तेमाल तथा संक्रमण से बचाव एवं काउसलिंग की जानकारी दी। मौके पर मौजूद यूनिवर्सल हॉस्पिटल की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ रूबीया खान, डॉक्टर निसार खान गंगा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की डॉरूबी कुमारी, डॉ संतोष कुमार व अन्य उपस्थित थें।

# बाढ़ देखने गए 12 वर्षीय बालक डूबा, एसडीआरएफ की टीम कर रही खोजबीन



चाणक्य भूमि बगहा

**बगहा।** गंडक नदी में जलस्तर बढ़ने के बाद सभी जगह पर पानी जलमग्न हो गया था। इसी दौरान नगर थाना क्षेत्र के बडगांव के मल्होरी टोला में रविवार की देर शाम को बाढ़ देखने गए एक 12 वर्षीय बालक अचानक पुल से गिर गया नीचे गिर गया। जिसे देख स्थानीय लोग द्वारा खोजबीन शुरू कर करते हुए नगर थाना को सूचना दी सूचना मिलते ही नगर थाना के थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ के टीम को सूचित किया। एसडीआरएफ कि और स्थानीय लोगों के द्वारा बालक की खोजबीन की जा गई लेकिन बालक का कुछ पता चला। डूबे बालक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के बड़गांव गांव निवासी अर्जुन राम के 12 वर्षीय पुत्र अनीश राम के रूप में हुई है खबर लिखे जाने तक बालक की कि खोजबीन कि जा रहीं थीं। बताते चले की जलस्तर में वृद्धि होने के साथ ही प्रशासन पूरी अलर्ट मोड में है। लगातार हो रही बारिश के बाद गंडक नदी में जलस्तर बढ़ गया था जिसके कारण निचले इलाकों में बाढ़ का पानी घुस गया था जिससे कई गांव के लोग ऊंचे स्थान पर सरण लिए हुए हैं। प्रशासन के द्वारा उनको खाने-पीने की सामग्री पहुंचाई जा रही है फिलहाल अभी गंडक नदी के जलस्तर में गिरावट दर्ज की जा रही है जिससे धीरे-धीरे निचले इलाकों में पानी कम होता दिख रहा है।






# संवेदक एक हफ्ते में जमा करें विज्ञापन मद में वसूली गई राशि

चा ० भूमि, बेतिया

**बेतिया।** सोमबार को गरिमा देवी सिकरिया महापौर की अध्यक्षता में हुई सशक्त स्थायी समिति की आज की संपन्न बैठक में होर्डिंग के संवेदक अमित कुमार के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी जताई गई। महापौर गरिमा देवी सिकारिया द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में संवेदक अमित कुमार के द्वारा मात्र 70000 जमा किया गया था, जिस पर सशक्त स्थायी समिति की पिछली बैठक में आपत्ति की गई थी और आदेश किया गया था कि संवेदक द्वारा निगम के होर्डिंगधारक एवं चलित प्रचार गाड़ियों से इस वित्तीय वर्ष में अब तक वसूली की गई राशि उसकी सूची के साथ उपलब्ध कराना था, परंतु संवेदक द्वारा पुनः मात्र 100000 जमा कराया गया है। सशक्त स्थायी समिति ने सर्वसम्मति से संवेदक को पुनः एक हफ्ते का दूसरा नोटिस देने का निर्णय दिया है जिसमें संवेदक को अब तक विज्ञापन मद में वसूली गई राशि, उसकी सूची एवं रजिस्टर की कॉपी



जमा करानी है। सूची देने के बाद अगर कोई भी ऐसी राशि की वसूली निगम क्षेत्र से पाई जाएगी जिसका विवरण उस सूची में नहीं होगा तो संवेदक पर सर्टिफिकेट केस कर्क राशि की वसूली की जाएगी।महापौर द्वारा बताया गया कि आज के निर्णय के आलोक में एक हफ्ते के अंदर ही निगम के सभी होर्डिंग का नंबरिंग के साथ सर्वे कराना है। सशक्त स्थायी समिति की अगली बैठक में संवेदक और या उसके प्रतिनिधि अचूक रूप से उपलब्ध रहेंगे। महापौर को कुछ दुकानदारों द्वारा यह शिकायत प्राप्त हुई है कि उनके दुकान पर लगे उन्ही के नाम के बोर्ड की भी राशि उनसे वसूली गई है। जिस पर महापौर ने कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। बैठक में नगर आयुक्त शंभू कुमार, सशक्त स्थायी समिति के सभी सदस्य एवं कर्मचारीगण उपस्थित हुए।

# निक्षय मित्र बनें, टीबी मरीजों को सहयोग करें : डॉ रमेश चंद्रा

चा०भूमि बेतिया

**बेतिया।** निक्षय मित्र बनकर जिलेवासी अब अपने जिले के कुपोषित टीबी रोगियों की सहायता को पोषण सम्बन्धित सहयोग कर सकते हैं। ये कहना है जिले के संचारी रोग पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा का। उन्होंने बताया कि टीबी के अधिकांश मामलों में टीबी मरीजों को कुपोषित देखा गया है। वैसे लोग आर्थिक स्थिति कमजोर होने से संतुलित आहार का सेवन नहीं कर पाते हैं। जिससे दवा का कोर्स करने के वावजूद कुपोषण के कारण वे पूर्णतः स्वस्थ नहीं हो पाते हैं। इसमें सहयोग के लिए प्रधानमंत्री निक्षय मित्र योजना चलाई जा रही है। इसके अंतर्गत जिले के आम नागरिक, जनप्रतिनिधि, गैर सरकारी संस्थान, कॉर्पोरेट संस्थान अपनी भागीदारी निभाते हुए निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें छः माह तक पोषण सामग्री का सहयोग दे सकते हैं।

**समाज हित में है आवश्यक**– डॉ चंद्रा ने बताया कि टीबी मरीजों का सहयोग समाज हित में जरुरी है। उन्होंने बताया कि ट्यूबरकुलोसिस नाम के बैक्टीरिया के कारण टीबी होता है। यह एक ऐसा संचारी रोग है जो



संक्रमित व्यक्ति के खाँसने, छिंकने पर बैक्टीरिया द्वारा हवा के ज़रिए एक व्यक्ति से दूसरे में फैलता है। इससे बचाव के लिए इसका खात्मा होना आवश्यक है। यह तभी संभव हो सकता है जब पुराने टीबी के रोगी इलाज कराकर पूरी तरह से ठीक हों। उन्होंने बताया कि सरकार "निक्षय मित्र" बनने का सुनहरा अवसर जिले वासियों को दे रही है। ऐसे में लोगों को इस अभियान में शामिल होकर टीबी मरीजों को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि मैं, मेरी पत्नी, चिकित्सक एवं कई लोग टीबी मरीजों के सहयोग के लिए निक्षय मित्र बन कर पोषण सम्बन्धित सहायता कर चुके हैं। उन्होंने बताया की जिले मे 05 हजार 5 सौ 47 टीबी के मरीज हैं जिनका इलाज सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर चल रहा है। इनको सरकार द्वारा मुफ़्त दवाएं, जाँच के साथ निक्षय

**» दवाओं के साथ संतुलित आहार का सेवन जरुरी**
**» निक्षय मित्र बनने पर छः माह तक देना होगा पोषण सामग्री**
**» सामान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, गैर सरकारी संस्थान, कॉर्पोरेट संस्थान बन सकते हैं निक्षय मित्र**
**» जिले में 05 हजार 5 सौ 47 टीबी मरीजों का चल रहा है इलाज**

पोषण योजना के अंतर्गत उनके खाते में 3000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। वहीं निक्षय मित्र की संख्या 53 है जिन्होंने 54 पोषण पोटली का वितरण छः माह तक किया है। अगर जिले के जिम्मेदार नागरिक, जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दल, गैर सरकारी संस्थान निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों की मदद करने की ठान लें तो काफ़ी हद तक टीबी के प्रसार को रोका जा सकता है। उन्होंने अपील की कि निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों की मदद कर पोषण संबंधित जरूरतों को पूरा करें।

**गोद लेकर 6 माह तक पौष्टिक आहार की करें व्यवस्था:** जिला यक्षमा केंद्र के सूर्य नारायण साह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीबी से ग्रसित लोगों के लिए इस योजना की शुरुआत की है। प्रधानमंत्री ने भी लोगों से अनुरोध किया है कि टीबी के मरीजों को पौष्टिक आहार देने हेतु आगे आएँ औऱ उन्हें गोद लेकर 6 माह तक उनके लिए पौष्टिक आहार में भूना चना, सत्तू, सोयाबिन, अंडे, गुड़, मूंगफली, बिस्किट आदि खाद्य पदार्थो की पैकेट सूची के अनुसार वितरण करें।

**ऐसे ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर योजना से जुड़ सकते हैं:** निक्षय मित्र बनने के लिए सबसे पहले communitysupport.nikshay.in पर लॉगिन करना होगा। इसके बाद प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान पर क्लिक करें। फिर निक्षय मित्र रजिस्ट्रेशन फॉर्म पर रजिस्ट्रेशन कर इस अभियान से जुड़ सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के बाद सुविधानुसार निक्षय सहायता के लिए टीबी रोगियों का चयन किया जा सकता है। टीबी की बीमारी से जुड़ी हर तरह की जानकारी के लिए निक्षय हेल्पलाइन नंबर 1800-11-6666 पर या जिला यक्षमा केंद्र बेतिया से भी संपर्क कर सकते हैं।








# एसपी ऑफिस पुलिस लाइन परिसर समेत नगर के कई वार्ड तालाब में तब्दील

चाणक्य भूमि बगहा

**बगहा।** गंडक नदी में अचानक जलस्तर बढ़ जाने के साथी बगहा अनुमंडल के निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है इसके साथ ही नगर में भी बाढ़ का पानी घुस गया है जिससे बाघ पुलिस लाइन वह एसपी ऑफिस परिसर में तालाब में तब्दील हो गया है। एसपी ऑफिस में पानी भर जाने से पुलिस कर्मियों को कम करने में परेशानी हो रही है। पुलिस लाइन पार्सल जलमग्न हो गया था जिसके कारण सोमवार को एसपी कार्यालय सहित पुलिस लाइन को बंद करना पड़ा। पुलिस विभाग की महत्वपूर्ण फाइलें और उपकरण भी जल जमाव से प्रभावित हो रही है प्रशासन की टीम कुछ जरूरी समान को सुरक्षित स्थान पर लाने की कोशिश कि है। लेकिन पानी की लगातार बढ़ने से मुश्किलें बढ़ रही है। बताते चले की बाढ़ का पानी प्रखंड बगहा एक व बगहा दो के लगभग



एक दर्जन स्कूलों में बाढ़ का पानी पहुंच गया है। स्कूल परिसर में पानी भर जाने के कारण स्कूल प्रबंधन ने तत्काल प्रभाव से स्कूल बंद करने का निर्णय लिया है। जी से बच्चों को पढ़ाई प्रभावित हो रही है और शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो चुकी है बाढ़ के कारण लगभग कई पंचायत के दर्जन गांवों में घुस गया है जिससे लोग अपने घर को छोड़कर धनहा रतवल सड़क पर शरण लेने को मजबूर है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा उन्हें राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। हालांकि प्रशासन अलर्ट मोड पर है बाढ़ में फंसे लोगों को निकालने के लिए एसडीआरएफ की टीम के द्वारा निकलने का प्रयास जारी है। बाढ़ का सबसे बड़ा असर मवेशियों पर पड़ रहा है चारों तरफ जलमग्न हो गया है जिससे लोगों को मवेशियों का चारा नहीं मिल पा रहा है। अपनी चारों तरफ फैल गया है जिसके कारण मवेशियों को ऊंचे स्थान पर रखा गया है। इस पानी में मवेशियों का चारा लाना ग्रामीणों के लिए चुनौती बनी हुई है। चारे की किल्लत होने के कारण मवेशियों को भूखे रहना पड़ रहा है वही मिली जानकारी के अनुसार नगर वार्ड संख्या 30 अहिरानी टोला बगीचे के समीप एक व्यक्ति अपने मवेशियों को चारा रहा था इस दौरान बिजली की करंट के चपेट में आ गई स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे मवेशी को बचा लिया गया।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित । किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714